● सीधी, सिंगरौली, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 154, पृष्ठ : 08, सीधी, रविवार, 14 जुलाई 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



भजनलाल सरकार ने लिया कड़ा फैसला 5

भारत ने 5 मैचों की टी-20 सीरीज जीती 6

## 4 साल में 8 करोड़ को रोजगार मिला : पीएम

### मोदी बोले-हमने नौकरियों पर बयानबाजी करने वालों को चुप कराया

**मुंबई।** तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी पहली बार मुंबई दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने 29 हजार 400 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट लॉन्च किए। पीएम ने अपनी स्पीच में यह भी कहा कि पिछले 3 से 4 सालों में भारत में आठ करोड़ नए रोजगार बने हैं। इस आंकड़े ने नौकरियों पर फर्जी बयानबाजी करने वालों को चुप करा दिया है।

गोरेगांव स्थित नेस्को सेंटर में प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इनमें बांद्रा कुर्ला काम्प्लेक्स में इंडियन न्यूजपेपर सोसाइटी टावर्स, ठाणे-बोरीवली प्रोजेक्ट, बीएमसी की गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड ट्विन टनल प्रोजेक्ट शामिल हैं।

एमएमआरडीए के प्रवक्ता के मुताबिक, ठाणे-बोरीवली टनल प्रोजेक्ट को 16,600 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जा रहा है। यह ट्विन ट्यूब टनल संजय गांधी नेशनल पार्क के नीचे से गुजरेगी, जो बोरीवली में वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे और ठाणे में घोड़बंदर रोड के बीच सीधा संपर्क बनाएगी।

उन्होंने यह भी कहा कि 11.8द्मद्व लंबी ठाणे-बोरीवली लिंक रोड के बनने से ठाणे से बोरीवली का सफर 12किमी कम हो जाएगा। इससे यात्रियों को करीब 1 घंटे का समय बचेगा।

इस मौके पर मोदी ने कहा कि आज मुझे महाराष्ट्र और मुंबई के लिए 3 हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स के शिलान्यास और लोकार्पण का अवसर मिला है। इन प्रोजेक्ट्स से मुंबई और आसपास के क्षेत्रों की कनेक्टिविटी और बेहतर होगी। इनमें रोड और रेल



परियोजनाओं के अलावा महाराष्ट्र के नौजवानों के कौशल विकास की बहुत बड़ी योजना भी शामिल है। इनसे महाराष्ट्र में बड़ी संख्या में रोजगार का निर्माण भी होगा।

2-3 सप्ताह पहले ही केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र के लिए वधावन पोर्ट को भी स्वीकृति दी है। 76 हजार करोड़ रुपए के इस प्रोजेक्ट से यहां 10 लाख से ज्यादा रोजगार बनेंगे।बीते 1 महीने से मुंबई देश-विदेश के निवेशकों के उत्सव की साक्षी बनी है। छोटे बड़े हर निवेशक ने हमारी सरकार के तीसरे टर्म का उत्साह से स्वागत किया है।

मोदी ने कहा लोग जानते हैं कि एनडीए सरकार ही स्थिरता और स्थायित्व दे सकती है।तीसरी बार शपथ लेने के बाद मैंने कहा था कि तीसरे टर्म में एनडीए सरकार तीन गुना तेजी से काम करेगी और आज ये होते हुए हम देख रहे हैं। 21वीं सदी के भारत की आकांक्षाएं इस समय बहुत ऊंचे स्तर पर हैं। इस सदी के करीब-करीब 25 साल बीत चुके हैं।

देश की जनता लगातार तेज विकास चाहती है, अगले 25 वर्ष में भारत को विकसित बनाना चाहती है। बीते 10 साल में महाराष्ट्र में नेशनल हाइवे की लंबाई बढ़कर तीन गुना हो चुकी है।गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड प्रोजेक्ट प्रगति और प्रकृति के तालमेल का शानदार उदाहरण है। कनेक्टिविटी के ऐसे इंफ्रास्ट्रक्चर से पर्यटन, खेती और उद्योग सभी को लाभ हो रहा है।इससे रोजगार के नए अवसर बन रहे हैं।

जब अच्छी कनेक्टिविटी होती है, तो उससे महिलाओं को सुरक्षा, सुविधा और सम्मान भी मिलता है।यानी एनडीए सरकार के ये काम गरीब, किसान, नारीशक्ति और युवाशक्ति को सशक्त कर रहे हैं। महाराष्ट्र की महायुति की सरकार भी इसी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। मुझे खुशी है कि महाराष्ट्र सरकार ने हर साल 10 लाख नौजवानों को स्किल ट्रेनिंग देने का संकल्प लिया है।

## निवेश से म.प्र. होगा सशक्त और देश की जीडीपी बढ़ाने में पूरी सामर्थ्य के साथ करेगा योगदान: डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में लगातार निवेश बढ़ रहा है। उद्योग, व्यापार, व्यवसाय की दृष्टि से मध्यप्रदेश में निवेश के लिए अनुकूल माहौल बना है। एनर्जी, टूरिज्म, हेल्थ, माइनिंग जैसे सभी सेक्टर में समान रूप से निवेश की अपार संभावनाएं हैं। राज्य शासन ने बजट में भी उद्योग-व्यापार को प्रोत्साहन देने के लिए पर्याप्त प्रावधान किए है। प्रदेश के अलग-अलग अंचलों की परिस्थिति और विशेषता को फोकस करते हुए अलग-अलग क्षेत्रों में इंडस्ट्रियल समिट करने का निर्णय भी लिया गया है। मध्यप्रदेश सरकार उद्योगपतियों का स्वागत करती है। निवेश से मध्यप्रदेश आर्थिक दृष्टि से समर्थ होगा और निवेश किए जाने वाले क्षेत्रों में लोगों को रोजगार भी मिलेगा। इससे हम देश की जीडीपी को आगे बढ़ाने के



लिए अपनी पूरी सामर्थ्य के साथ आगे बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश में निवेश के अवसरों को बढ़ाने के लिये देश की वित्तीय राजधानी मुंबई के होटल ताज महल में विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख उद्योगपतियों को इन्टरेक्टिव सेशन में संबोधित कर रहे थे। इन्टरेक्टिव सेशन में जीआईएस-2025 को सफल बनाने प्रमुख उद्योगपतियों को आमंत्रित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ऋणमुक्तेश्वर महादेव और सम्राट विक्रमादित्य के संदर्भ का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में सामर्थ्यशाली शासन की परिकल्पना की गई है। हमारी संस्कृति में यह माना गया है कि शासन का भाव उद्दात होना चाहिए। यह आवश्यक है कि शासन के दृष्टिकोण में संकीर्णता न हो। भारतीय संस्कृति के अनुसार सुशासन स्थापित करते हुए सभी नागरिकों को समृद्ध- संपन्न और खुशहाल बनाना ही शासन का लक्ष्य है।

## एनडीए सरकार अस्थिर, कार्यकाल पूरा करना मुश्किल: ममता

**मुंबई।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा-नेतृत्व वाली एनडीए सरकार अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाएगी, क्योंकि यह सरकार स्थिर नहीं है। जब उनसे ऐसा कहने की वजह पूछी गई, तो उन्होंने कहा कि खेला शुरू हो गया है। यह जारी रहेगा।

ममता ने यह बात शुक्रवार को मुंबई में उद्धव ठाकरे से उनके आवास मातोश्री में मुलाकात के दौरान कही। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में वे ठाकरे के लिए प्रचार करेंगीं। शिवसेना और तृणमूल कांग्रेस



इंडिया ब्लॉक में साझेदार हैं। यह लोकसभा चुनावों के बाद दोनों नेताओं के बीच पहली बैठक थी।

बिजनेसमैन मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की शादी में शामिल होने मुंबई पहुंचीं ममता ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार से भी मुलाकात की। ये मुलाकात दक्षिण मुंबई स्थित पवार के निवास सिल्वर ओक पर हुई। हालांकि ठाकरे ने ममता के साथ बैठक को राजनीतिक की बजाय पारिवारिक मुलाकात बताया। ठाकरे ने पत्रकारों से कहा, हमारे बीच भाई-बहन का रिश्ता है। वह पहले भी मेरे घर आ चुकी हैं। यह एक पारिवारिक मुलाकात थी। कृपया इसे राजनीति से न जोड़ें। अगर मुझे कुछ कहना है, तो मैं खुलकर कहता हूं। मुझे डर नहीं है। ममता ने यह भी कहा कि शिंदे गुट द्वारा ठाकरे गुट से शिवसेना नाम और प्रतीक लेना पूरी तरह से अनैतिक था, लेकिन पार्टी ने बाघ की तरह लड़ाई लड़ी।

## बिहार में बिजली गिरने से 24 घंटे में 21 मौतें

**नई दिल्ली।** बिहार में लगातार बारिश से नदियां उफान पर हैं। भागलपुर में गंगा और कोसी के कटाव में कई घर बह गए हैं। यहां रोहतास के मां तुतला भवानी धाम वाटरफॉल में शनिवार सुबह पानी का जलस्तर अचानक बढ़ गया। 6 लोग तेज बहाव में फंस गए। वन विभाग की टीम ने उन्हें रेस्क्यू किया। भारी बारिश के बीच बिजली गिरने से पिछले 24 घंटे में 12 जिलों में 21 लोगों की मौत हुई हैं। उधर, उत्तर प्रदेश में नेपाल से लगे जिलों बाढ़ जैसे हालात हैं।

## केन्द्रीय गृह मंत्री 55 जिलों में करेंगे पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ

**भोपाल।** प्रदेश के उच्च शिक्षा के इतिहास में 14 जुलाई का दिन ऐतिहासिक बनने जा रहा है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह 14 जुलाई को प्रदेश के 55 जिलों में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ करेंगे। इंदौर के श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में होने वाले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल होंगे। अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया गया है। यह कार्यक्रम प्रत्येक जिला मुख्यालय पर भी होगा। शासन द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रमों के लिए विधानसभा अध्यक्ष, उप मुख्यमंत्री, मंत्री एवं राज्य मंत्रियों को नामांकित किया गया है, जो मुख्य कार्यक्रम में वर्च्युअली शामिल होंगे। केन्द्रीय मंत्री श्री शाह मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी और महाविद्यालय के काउंटर का वर्च्युअल शुभारम्भ और भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ का शुभारंभ भी करेंगे। साथ ही पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के विद्यार्थियों के लिए बस सेवा की शुरुआत करेंगे। श्री शाह इंदौर आगमन के तत्काल बाद पितृ पर्वत जाएंगे और पितृ पर्वत से रेवती रेंज में पौध-रोपण भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, नगरीय आवास एवं विकास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावाट, इंदौर सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक, जन-प्रतिनिधि, विद्यार्थी, शिक्षा समुदाय से जुड़े लोग और आम नागरिक उपस्थित रहेंगे।

## इमरान-बुशरा फिर गिरफ्तार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को नेशनल अकाउंटेबिलिटी ब्यूरो की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें तोशाखाना से जुड़े एक दूसरे मामले में गिरफ्तार किया गया है। आज ही फर्जी निकाह केस में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को इस्लामाबाद कोर्ट ने बरी किया था। कोर्ट ने कहा था कि इन्हें फौरन रिहा किया जाए। पाकिस्तानी मीडिया हाउस जियो न्यूज के मुताबिक कोर्ट के आदेश के तुरंत बाद एनएबी की 2 टीम पूर्व प्रधानमंत्री और बुशरा को गिरफ्तार करने जेल अदियाला जेल पहुंच गई।

## ओडिशा गवर्नर के बेटे पर कर्मचारी से मारपीट का आरोप

**पुरी।** ओडिशा के राजभवन में एक कर्मचारी ने राज्यपाल रघुबर दास के बेटे ललित कुमार और उसके साथियों पर मारपीट के आरोप में शिकायत दर्ज कराई है।

कर्मचारी का आरोप है कि उसने ललित को स्टेशन लेने के लिए कार नहीं भेजी थी। इससे नाराज ललित ने अपने साथियों के साथ मिलकर राजभवन में उनकी लात-घूंसों से पिटाई कर दी।

शिकायतकर्ता बैकुंठ प्रधान ने 10 जुलाई को राज्यपाल के प्रिंसिपल सेक्रेटरी को लिखित शिकायत सौंपी। उन्होंने कहा- वे ओडिशा राजभवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दौरे की तैयारी की निगरानी में जुटे थे। 7 जुलाई की रात करीब 12 बजे वह अपने ऑफिस में काम कर रहे थे। तब राज्यपाल का निजी रसोइया आया और उसने ललित से मिलने के लिए कहा। पीड़ित ने बताया कि जैसे ही मैं ललित के पास पहुंचा उन्होंने मुझे गालियां देना शुरू कर दिया। जब मैंने इसका विरोध किया तो उन्होंने मुझे थप्पड़ मारे। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने भागकर छिपने की कोशिश भी की।

## उपचुनाव में एनडीए पर भारी पड़ा इंडी गठबंधन, 13 में से 10 सीटों पर मिली जीत

**नई दिल्ली।** सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में से 11 सीटों के नतीजे घोषित हो गए हैं। लोकसभा चुनाव के बाद एक बार फिर एनडीए बनाम इंडी गठबंधन की लड़ाई देखने को मिली, लेकिन इस बार इंडी गठबंधन एनडीए पर भारी पड़ा। भाजपा को उपचुनाव में सिर्फ दो सीटों पर जीत से संतोष करना पड़ा। बिहार की रुपौली सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत दर्ज की है।

विधानसभा उपचुनाव में तृणमूल कांग्रेस को चार सीटों पर जीत मिली है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का कहना है कि चार में तीन सीटों पर पहले भारतीय जनता पार्टी का कब्जा था और अब इन पर टीएमसी को जीत मिली है। ममता बनर्जी ने आगे कहा कि इस जीत के लिए वे जनता का आभार प्रकट करती हैं। पश्चिम बंगाल की मानिकताला विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में तृणमूल कांग्रेस को जीत हासिल हुई है। टीएमसी प्रत्याशी सुप्ति पांडे को 62312 वोटों से जीत मिली है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के कल्याण चौबे को बड़े अंतर से मात दी। तमिलनाडु की विक्रवंडी विधानसभा क्षेत्र में हुए उपचुनाव में डीएमके की जीत हुई है। डीएमके प्रत्याशी को 67,757 वोट हासिल हुए। उधर एनडीए समर्थित पट्टाली मक्कल काची पार्टी के प्रत्याशी को 56,296 वोट मिले।

इस तरह से देशभर में 13 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में इंडी गठबंधन को नौ सीटों पर जीत मिली है। अपनी जीत पर कांग्रेस उम्मीदवार लखपत सिंह बुटोला ने कहा, बदरीनाथ की जनता का मैं बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं... तमाम लोग जिन्होंने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से न्याय की इस लड़ाई में मेरा साथ दिया है, उन्हें इसका श्रेय जाता है। उपचुनाव के नतीजों में इंडी गठबंधन एनडीए पर भारी पड़ा है। अभी तक के नतीजों में इंडी गठबंधन ने उपचुनाव वाली 13 सीटों में से आठ पर जीत दर्ज कर ली है और दो सीटों पर इंडी गठबंधन के उम्मीदवार आगे हैं। हिमाचल प्रदेश की हमीरपुर सीट और मध्य प्रदेश की अमरगढ़ सीट पर ही भाजपा को जीत मिली है। वहीं बिहार की रुपौली सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत दर्ज की है। उत्तराखंड की बदरीनाथ सीट पर कांग्रेस के लखपत बुटोला ने जीत दर्ज की हैं।

## नीट मामले पर सीबीआई ने देरी से दिया हलफनामा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने नीट मामले में सीबाई के हलफनामे को स्वीकार कर लिया है। दरअसल, नीट मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एग्जाम से जुड़े सभी स्टेकहोल्डर्स से 10 जुलाई शाम 5 बजे तक रिपोर्ट मांगी थी। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक सीबीआई ने 11 जुलाई को कोर्ट में हलफनामा जमा किया था। रजिस्ट्री ने कहा था कि तय समय से देरी के बाद हलफनामा जमा करने को लेकर कोर्ट से चर्चा करें। हालांकि, बेंच के जस्टिस जे बी पारदीवाला ने कहा कि उन्होंने सीबीआई की रिपोर्ट जमा किए जाने की जानकारी है। नीट मामले में गड़बड़ी को लेकर 38 याचिकाओं पर अगली सुनवाई अब 18 जुलाई को होगी। चीफ जस्टिस की बेंच ने कहा कि कोर्ट के 8 जुलाई के निर्देश के जवाब में केंद्र और एनटीए ने अपने हलफनामे दायर कर दिए हैं। हालांकि, बेंच ने ये पाया है कि कुछ याचिकाकर्ताओं को अभी तक केंद्र और एनटीए के हलफनामे नहीं मिल पाए हैं। पटना हाईकोर्ट ने 12 जुलाई को नीट मामले में गिरफ्तार 13 आरोपियों को सीबीआई की कस्टडी में भेज दिया है।

## 14 जुलाई को खुल सकता है जगन्नाथ मंदिर रत्न भंडार

**पुरी।** ओडिशा के पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार (खजाना) 14 जुलाई को खोले जाने की संभावना है। मंदिर का खजाना आखिरी बार 46 साल पहले 1978 में खोला गया था। इसे फिर से खोलने का मुद्दा लोकसभा और ओडिशा के विधानसभा चुनावों के दौरान एक प्रमुख राजनीतिक मुद्दा बना था। पैनल के सुझाव के मुताबिक पारंपरिक पोशाक में पुजारी पहले मंदिर के अंदर भगवान लोकनाथ की पूजा करेंगे। एहतियात के तौर पर अधिकृत कर्मचारी और एक सांप पकड़ने वाला पहले अंदर जाएगा। 2018 में तत्कालीन कानून मंत्री प्रताप जेना ने विधानसभा में बताया था कि रत्न भंडार में 12,831 भरी (एक भरी 11.66 ग्राम के बराबर) से ज्यादा सोने के जेवर हैं।

## बेटे की फीस जमा करने के लिए पिता को पैरोल

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार (9 जुलाई) को एक पैरोल याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि जब किसी व्यक्ति को दुख बांटने के लिए पैरोल मिल सकता है। तो खुशियों के लिए भी बराबर के अवसर मिलने चाहिए।

कोर्ट विवेक श्रीवास्तव नाम के एक कैदी की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। याचिकाकर्ता ने अपने बेटे की ऑस्ट्रेलियाई यूनिवर्सिटी में पढ़ाई के लिए ट्यूशन फीस और अन्य खर्चों का इंतजाम करने और उसे विदाई देने के लिए पैरोल की मांग की थी।

जस्टिस भारती डांगरे और जस्टिस मंजूषा देशपांडे की बेंच ने कहा कि पैरोल के तौर पर दोषियों को थोड़े समय के लिए सशर्त रिहाई दी जाती है। ताकि वे बाहरी दुनिया से जुड़ सकें और अपनी पर्सनल और पारिवारिक जिम्मेदारियों का ध्यान रख सकें।

कोर्ट ने कहा कि पैरोल और फरलो जैसे प्रावधान जेल में बंद लोगों के लिए मानवीय दृष्टिकोण बनाए रखने के लिए है। कोर्ट ने कहा सजा में सशर्त छूट का उद्देश्य कैदी को जेल जीवन के बुरे प्रभावों से बचाने, मेंटल स्टेबिलटी और भविष्य के लिए उम्मीद बनाए रखने के लिए जरूरी है। दरअसल विरोधी पक्ष के वकील ने दोषी को मिलने वाले पैरोल का विरोध किया था। उनका दावा था कि पैरोल आमतौर पर इमरजेंसी स्थितियों में दिया जाता है। ऐसे फीस का इंतजाम करना और बेटे को विदा करना पैरोल का आधार नहीं बन सकता है। इस पर हाईकोर्ट ने कहा कि दुख के साथ-साथ सुख भी एक भावना है।

## बीजेपी कार्यसमिति की बैठक में कांग्रेस पर बिफरे शिवराज

### बोले- ये झूठ बोलने की मशीन, राहुल पर भी हमलावर

**जयपुर**

राजधानी जयपुर में शनिवार आयोजित बीजेपी कार्यसमिति की बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। चौहान ने कहा कि लोकसभा चुनावों में विदेशी ताकतों की दखल रही। यह सच है कि हमारे विरोधियों में विदेशी ताकतें भी शामिल हैं। जो चाहते हैं कि किसी भी तरह से देश में बीजेपी की सरकार न रहे।

उन्होंने कहा कि राजस्थान भी बदल रहा है लेकिन ये बात कांग्रेस को रास नहीं आ रही है अभी 99 की फेर की बात कई मित्रों ने की है मैं उसे दोहराना नहीं चाहता लेकिन राहुल बाबा आपको चिंदी मिल गई तो आप बजाज बन गए।

केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि कांग्रेस झूठ बोलने की मशीन हो गई है। उन्होंने कहा- राहुल पार्लियामेंट में क्या बोलते हैं हिन्दू हिंसक है! ए... बालक बुद्धि हिन्दुत्व को आप क्या जानों! एकम सद्विप्रा बहुधा वदन्ति हिन्दुत्व है। सत्य एक है विद्वान उसे अलग-अलग तरीके से कहते हैं। आत्मवत सर्वभूतेषु हिन्दुत्व है। जियो और जीने दो हिन्दुत्व है।

अयं निज: परो वेति गणना
लघुचेतसाम्!!



उदारचरितानां तु वसुधैव
कुटुम्बकम् !!

शिवराज ने कहा कि यह मेरा है, ये तेरा है ये सोच छोटे दिल वालों की होती है जो विशाल हृदय के होते हैं वो कहते हैं सारी दुनिया ही एक परिवार है। ये हिन्दुत्व है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मैं आपके बीच में से ही आया हूं। उन्होंने कहा कि विधायक दल की बैठक में जब सीएम के लिए मेरा नाम बोला गया तो एक बार मुझे भी समझ में नहीं आया कि यह क्या हुआ। उन्होंने कहा कि आप सभी कार्यकर्तओं पर संगठन की नजर है। भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रूस में सर्वोच्च सम्मान मिला है। यह भारत के विश्वगुरु बनने की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने पूर्व कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकार में यहां गैंगस्टर आते थे, गोली चलाकर चले जाते थे। अब या तो गैंगस्टर राजस्थान में आएगा नहीं और आएगा तो बचकर जाएगा नहीं।

प्रदेश प्रभारी डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे ने लोकसभा चुनावों में राजस्थान के कमजोर प्रदर्शन पर कहा कि इन चुनाव में विदेशी ताकतों के कारण भी हमें कम सीटें मिली। क्योंकि विदेशों में बैठे कुछ लोग, जिनके हित मोदी सरकार की नीतियों के चलते प्रभावित हो रहे थे। वह चाहते थे कि देश में पुरानी सरकार बने और यही वजह है कि विदेशी ताकतों का भी इन चुनाव परिणाम में असर देखने को मिला।

# वृक्ष धरती का श्रृगार हमारे जीवन का सबसे बड़ा आधार है : सांसद

## पूजा अर्चन कर सांसद विधायक ने काचन नदी में किया वृक्षारोपण

**सिंगरौली।** सुरंक्षित भविष्य के लिए पौधा रोपण जरूरी है तथा एक पेड़ मॉ के नाम अभियान में एक पौधा का रोपण जरूर करे उक्त आशय का उद्बोधन काचन नदी में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम समारोह के दौरान सीधी सिंगरौली सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहां।विदित हो कि सांसद डॉ. मिश्रा के मुख्य अतिथि एवं सिंगरौली विधानसभा के विधायक राम निवास शाह, सिहावल विधानसभा के विधायक विश्वामित्र पाठक, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष रामसुमिरन गुप्ता, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द सिंह नागेश के गरिमामय उपस्थिति में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयाजित हुआ।



सांसद श्री मिश्रा ने उपस्थित ग्रामीणो एवं छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विश्व पर्यवरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मॉ के नाम अभियान की सुरूआत की है। यह अभिया समाज के हर वर्ग की संक्रिय भागीदारी से जन अंदोलन बन चुका है। उन्होंने कहा कि जब हम एक पेड़ मॉ के नाम से रोपेगे तो हमारो विशेष रूप से भावनात्मक जुड़ाव होने से उस पौधे की देखभाल सिचाई एवं सुरंक्षा प्रति सतर्कता रखेगा।सांसद श्री मिश्रा ने उपस्थित ग्रामीणो तथा विद्यालयों के छात्र छात्राओं को एक पेड़ मॉ के नाम से लगाने के लिए प्रेरित किया। वही जिला प्रशासन को बधाई दिया कि इस काचन नदी का समुचित उद्धार कर कंचन नदी के रूप में विकशित करने का जो प्रयास किया गया है वह सराहनीय है यह नदी सचमुच सोना बन गई है। वही कार्यक्रम के दौरान सिंगरौली विधानसभा के विधायक राम निवास शाह ने कहा कि यह अभियान मानव जीवन को बचाने का वृहद अभियान है यह एक अच्छा कार्य है इस अभियान को निरंतर आगे बड़ते रहे। उन्होंने कहा कि वृक्ष धरती का श्रृगार है। यह हमारे जीवन का सबसे बड़ा आधार है वृक्ष से जीवन की निर्भरता है वृक्ष हमे जीवन बचाने के लिए सब कुछ देता है। उन्होंने कहा कि मै स्वंय अपने मॉ के साथ वृक्ष लगाया हू। आप सभी भी अपने मॉ के नाम एक एक वृक्ष अवश्य लगाये। कार्यक्रम के दौरान सिहावल विधानसभा के विधायक श्री पाठक ने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुये कहा कि क पेड़ मां के नाम'' अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रकृति की सेवा और मां के प्रति सम्मान का अनुकरणीय भाव है। जिले में इस अभियान को जन जनअभियान बनाएं। उन्होंने कहा कि जिले में अत्यधिक क्षेत्र जंगल का है जिसमें पौधारोपण ज्यादा से ज्यादा हो इसके लिए हम सबको संकल्पित होना चाहिए। कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा आए हुये अतिथियों का स्वागत करते हुये कहा कि जिलें में इस अभियान के तहत 21 लाख पौधे रोपे जायेगे।सभी विभागों को लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही आम नागरिकों को एक वृक्ष अपने मॉ के नाम लगाने के लिए प्रेरित किया गया है। नगारिक के द्वारा भी पौधा रोपण किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने जिस प्रकार से एक व्यक्ति अपने माता पिता की सेवा करता उसी प्रकार पौधो की सेवा करने के लिए नगारिको को प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी, कार्यपालन यंत्री आरईएस मनोज बाथम, वरिष्ट समाजसेवी अरूण देव पाण्डेंय, अरविंद दुबे, ज्ञान प्रसाद गुप्ता, मंगला बैस, सरपंच गड़हरा, सरपंच डिग्घी, पार्षद प्रतिनिधि अर्जुन गुप्ता सहित कमला दुबे, सुरेन्द्र दुबे, विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्रा, शिक्षक गण, ग्रामीण जन अधिकारी कर्मचारी, पंचायत के सचिव, रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

# ग्राम पचायत क्योटली नक्षत्र वाटिका में राज्यमंत्री ने किया पौधारोपण

## मॉ के नाम पौधा रोपण करने में सुखद अनुभूति होती है : राधा सिंह

**सिंगरौली।** पूरे प्रदेश के भाति सिंगरौली जिलें में भी एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत जन प्रतिनिधियों, शासकीय सेवकों, आम जन के द्वारा वृहद स्तर पर पौधारोपण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज ग्राम पंचायत क्योटली के नक्षंत्र वाटिका में मध्यप्रदेश शासन की राज्य मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्रीमती राधा सिंह के द्वारा एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया।



इस अवसर पर उपस्थित ग्राम वासियों को संबोधित करते हुये राज्य मंत्री श्रीमती सिंह ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा वातावरण का परिशोधन के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने मां के नाम से एक पौधा अनिवार्य रूप से लगाना चाहिए। पौधे के बड़े होने तक देखरेख भी करनी चाहिए। भीषण गर्मी से निजात पाने एवं एसी से मुक्ति पाने के लिए इस अभियान को सफल बनाने व प्रकृति के साथ सहयोग की भावना के साथ सभी को पौधे लगाने चाहिए। उन्होने कहा कि केवल पौधरोपण करना ही पर्याप्त नहीं है उनकी देखभाल भी जरूरी है। वृक्षों के बिना हम जीवन की कल्पना नहीं कर सकते हैं। वृक्षों से ही हमें प्राणवायु मिलती है। राज्यमंत्री श्रीमती सिंह ने कहा कि वृक्षो से हमें अनेक प्रकार की औषधियां, फल, फूल व छाया प्राप्त करते हैं। भावी पीढ़ी को यदि स्वस्थ, खुशहाल रखनी है तो पर्यावरण में संतुलन बनाए रखना है तो हमें अधिक से अधिक पौधे रोपना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सभी पेड़ लगाने के काम कर रहे हैं। अब हम सब की जिम्मेदारी है कि हम भी इस अभियान में सहभागी बन मॉ के नाम पौधा रोपित कर उनकी सुरंक्षा करे ताकि आने वाले समय में ये पौधे एक विशाल वृक्ष के रूप में परिवर्तित हो सके। इस अवसर पर जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. राविन्द सिंह,जनपद अध्यक्ष चितरंगी सिया दुलारी,जनपद सदस्य श्रीमती सुषमा सिंह, एसडीएम सुरेश जाधव, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ऋषि नारायण सिंह, ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# स्कूल भवन जर्जर, छात्रों और शिक्षकों के साथ कभी हो सकती है अनहोनी : कमलेश



**सिंगरौली।** शासन प्रशासन जहां शिक्षा को लेकर गम्भीर है और आए दिन लोगों को कई तरह से मोटिवेट कर रहा है। वहीं जिले में शिक्षा अध्यन करने जा रहे बच्चों और शिक्षकों के साथ कभी भी कोई अनहोनी हो सकती है। उक्त आशय का पत्र भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष कमलेश वैस ने सीधी सिंगरौली सांसद राजेश मिश्रा को लिखा है। श्री वैसे ने बारिश के दिनों में शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय परसौना के जर्जर भवन को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की हैं और नए भवन बनाए जाने की मांग की। बता दे की श्री वैस कहा कि शासकीय प्राथमिक विद्यालय परसौना का भवन पूरी तरह से अर्जर एवं खण्ड हर हो चुका है। बारिश के दिनों में विद्यालय की छत टपकती है तथा छत का प्लास्टर छात्रों एवं शिक्षकों के ऊपर गिरता है। जिससे हर समय बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती हैं। साथ ही पानी टपकने से बारिश के दिनों में बच्चों और शिक्षकों को अध्ययन एवं अध्यापन में अत्यधिक कठिनाई हो रही है। ऐसे में छात्रों और शिक्षकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय परसौना के खंडहर हो चुके भवन के स्थान पर नए भवन या वैकल्पिक व्यवस्था करनें की मांग की हैं।

# 3 बच्चों की मां ने प्रेमी के साथ की खुदकुशी, शराब के नशे में प्रेमी पहुंचा था प्रेमिका के घर

## एक युवक और युवती ने सीट से बने घर में लगें पाइप पर लगाई फांसी, माड़ा थाना का मामला

**सिंगरौली।** माड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में तीन बच्चों की मां अपने शादीशुदा प्रेमी के साथ घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों के शव घर पर लगें लोहे के पाइप पर लटके मिले हैं। युवती तीन बच्चों का मां थी। घटनास्थल पर पहुंची माड़ा पुलिस टीम ने मृतकों का पंचनामा बनाते हुए शवों को नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल शह ट्रामा सेंटर भेज दिया है।





दरअसल मामला जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर ग्राम बहेरी खुर्द का है, यहां घर में एक युवक और युवती ने टीन से बने घर में लगे पाइप पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती का पति रायपुर में ड्राइवरी का काम करता था जबकि युवक की अभी 6 महीने पहले ही शादी हुई थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बहेरी खुर्द निवासी 28 वर्षीय राधिका पनिका अपने घर में थी जहां उससे मिलने कोयलखूंथ निवासी 26 वर्षीय अजय सिंह पिता वंशी सिंह शराब के नशे में मिलने पहुंचा। दोनों के बीच लम्बें समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। माना जा रहा है कि रात को दोनों के बीच में किसी बात को लेकर लड़ाई हुई होगी। जहां प्रेमी ने देर रात घर में ही फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर लीं। वहीं प्रेमिका ने जब प्रेमी को फांसी के फंदे में लटकता देखा तो वह डर गई और लोक लाज की डर से वह भी फांसी के फंदे में झूल कर आत्महत्या कर ली। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को फांसी के फंदे से उतारते हुए पंचनामा बनाकर दोनों शवों का पोस्टमार्टम करने के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं पुलिस अब आसपास के लोगों से पूछताछ कर जांच कर रही हैं।

युवती का पति रायपुर में ड्राइवर का काम करता था। पत्नी अपने दो बेटियों और एक दो साल के बेट के साथ गांव में रह रही थी। आज जब मां ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह बच्चे उठे और अपने बीच मां को नहीं पाए तो व्याकुल हो गए। मासूम बच्चों का विलाप सुन मौके पर मौजूद लोग सिहर उठे। इस अवैध प्रेम प्रसंग कांड ने तीन मासूम बच्चों को अनाथ बना दिया है। इन मासूमों की आंखें अब भी अपने मम्मी का इंतजार कर रही है। इनमें सबसे बड़ी 6 वर्षीय बेटी तो इस सच्चाई को स्वीकार कर बिलखती दिखी । जबकि 4 वर्षीय उसकी छोटी बहन को इस बात पर यकीन नहीं हो पा रहा है, अब कभी उसके मम्मी-पापा उसे गोद में उठाने और दुलार करने लौटकर नहीं आएंगे। वही 2 साल का मासूम अपनी मम्मी के लिए लगातार रोते जा रहा था। हालांकि बेटे को रिश्तेदारों ने संभाल रखा है। वह भी अपनी बड़ी मां को एक टक निहारते हुए बार-बार मम्मी के लिए रोएं जा रहा है।

# केन्द्रीय कोयला एवं खनन राज्य मंत्री का जिले में आगमन आज

**सिंगरौली।** भारत सरकार के केन्द्रीय कोयला एवं खनन राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे का सिंगरौली जिलें में आगमन 14 जुलाई को होगा। राज्य मंत्री श्री दुबे के जारी दौरा कार्यक्रम अनुसार 14 जुलाई को रात्रि 8 बजे सिंगरौली एनसीएल गेस्ट हाउस में आगमन एवं रात्रि विश्राम होगा। केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री दुबे 15 जुलाई सोमवार प्रात: 9:45 बजे से 10: 45 बजे एनसीएल मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेगे।केन्द्रीय राज्य मंत्री 10:45 बजे एनसीएल मुख्यालय से प्रस्थान कर 11:45 बजे जयंत माईन्स पहुचकर निरीक्षण करेगे। दोपहर 12:15 बजे से 12:45 बजे तक जयंत सीएचपी का निरीक्षण करेगें। दोपहर 1:15 बजे एनसीलए गेस्ट हाउस आगम एवं आरंक्षित, दोपहर 2:45 बजें एनसीएल गेस्ट हाउस के वाराणसी के लिए प्रस्थान करेगें।

# डीएमएफ फंड से घटिया नाली निर्माण, सांसद से जांच कराने भाजपा नेता कमलेश ने उठाई मांग

**सिंगरौली।** विधानसभा क्षेत्र देवसर के अन्तर्गत सन् 2022-2023 में जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से ग्राम-परसौना बाजार में हुए नाली निर्माण में जमकर अनियमितता की गई। घटिया नाली निर्माण की शिकायत भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष कमलेश बैस सीधी सिंगरौली सांसद से करते हुए नाली निर्माण एजेंसी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। बता दें कि पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष कमलेश वैस ने भ्रष्टाचार द्वारा हुए निर्माण कार्य की शिकायत सांसद राजेश मिश्रा से की हैं। श्री वैस ने कहा कि परसौना बाजार में बारिश के समय जल का भराव होता है। जल जमाव की समस्या से निजात पाने के लिए सड़क के दोनों तरफ ग्रामीण सेवा यांत्रिकी विभाग द्वारा नाली का निर्माण कार्य कराया जाना था। लेकिन विभाग के अधिकारियों व संविदाकार के मिलीभगत से परसौना - माड़ा मुख्य सड़क एवं परसौना बरगवाँ मुख्य सड़क के एक ही तरफ घटिया व गुणवत्ता विहीन नाली का निर्माण कार्य कराया गया। जो नाली निर्माण कराया गया भी है वह सड़क के लेवल से ऊपर हैं ऐसे में नाली में पानी जाने का सवाल ही नहीं उठाता। नाली निर्माण में हुई अनियमित की शिकायत कई बार आरईएस विभाग के कार्यपालन यंत्री, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं कलेक्टर से मौखिक और लिखित रुप से कई बार गई। लेकिन आज तक न तो जांच हो पायी और ही दोषियों के ऊपर कार्यवाही हो सकी। श्री वैस ने कहा कि जिला खनिज प्रतिष्ठान मद जिले के विकास कार्यों के लिए है लेकिन अधिकारी जिले के विकास का नहीं बल्कि खुद के विकास का जरिया बना लिए हैं। बिना योजना बनाएं घटिया नाली निर्माण कार्य की विधिवत जांच कराते हुए दोषी अधिकारियों व संविदाकार के खिलाफ कार्यवाही की जाय। तथा पुन: उसी राशि से नाली का निर्माण कराया जाय। यह कार्यवाही ऐसी हो कि आगे कोई भी निर्माण एजेंसी और ठेकेदार घटिया निर्माण कार्य करने का साहस न जुटा सके।

# ग्रामीण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर का योगदान

**सिंगरौली।** एनटीपीसी-विंध्याचल द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत परियोजना के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु विगत कई वर्षों से अनेक प्रकार के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य शिक्षा के माध्यम से समुदायों को सशक्त बनाना और छात्रों के लिए बेहतर शैक्षिक संसाधन उपलब्ध कराना है। इस पहल के तहत शासकीय स्कूल शाहपुर नवजीवन विहार सेक्टर-1, में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग वितरित किए गए। यह आयोजन न केवल बच्चों को आवश्यक शैक्षिक सामग्री प्रदान करने के उद्देश्य से था, बल्कि उनके अध्ययन के प्रति उत्साह और प्रेरणा को भी बढ़ावा देना था।

# महिला खेलों को प्रोत्साहन : एनटीपीसी विंध्याचल का अनुकरणीय सीएसआर प्रयास

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर अनुभाग एवं जिला फुटबाल संघ के तत्वावधान में अंतर जिला महिला फुटबॉल प्रतियोगिता एवं नेशनल कैंप का आयोजन एनटीपीसी के अंबेडकर स्टेडियम में 7 जुलाई 2024 से 25 जुलाई 2024 तक किया गया है। यह आयोजन महिला फुटबॉल खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान करने और खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है। अंतर जिला महिला फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ 7 जुलाई 2024 को मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यकारी निदेशक एनटीपीसीविंध्याचल ई सत्यफनी कुमार के द्वारा किया गया । इस अवसर पर मानव संसाधन अपर महाप्रबंधक राकेश अरोड़ा, उप महाप्रबंधक प्रणव वर्मा, जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष आरपी पटेल तथा संघ के अन्य पदाधिकारी भी समारोह में उपस्थित थे।टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच मंडल जिला और रायसेन जिला के मध्य खेला गया। इस टूर्नामेंट में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों की महिला फुटबॉल टीमें भाग ले रही हैं।

# चितरंगी में दिनदहाड़े युवक की गोली मारकर हत्या

## फोर व्हीलर वाहन से आए थे गोलीबाज, इलाके में दहशत का माहौल, मौके पर एडिशनल एसपी पहुंचे

**सिंगरौली।** चितरंगी थाना क्षेत्र अंतर्गत तेंदुआ के रास्ते में दिनदहाड़े फोर व्हीलर के चालकों ने एक युवक की गोली मारकर निर्मम हत्या कर फरार हो गए। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस के बाद भीड़ जमा हो गई. इस घटना से पूरा चितरंगी दहल गया हैं। वहीं एडिशनल एसपी शिवकुमार वर्मा भी चितरंगी पहुंच सभी बिंदुओं पर जांच शुरू कर दी।

गौरतलब है कि जिले की कानून व्यवस्था इन दिनों में पटरी हो गई है यहां अपराधियों को पुलिस का बिल्कुल भी खौफ नहीं रह गया है पुलिस की कानून व्यवस्था से स्पष्ट हो चुका है। अधिकांश पुलिस कर्मियों का ध्यान सुरक्षा व्यवस्था पर नहीं बल्कि इधर-उधर घूम रहा है। जिसके चलते इन दोनों चितरंगी थाना क्षेत्र की व्यवस्था भगवान भरोसे है। दरअसल चितरंगी थाना क्षेत्र अंतर्गत तेंदुआ के रास्ते में दिनदहाड़े फोर व्हीलर के चालकों ने ग्राम दूर्दूरा निवासी लाले बंसल पिता मुन्नीलाल बंसल उम्र 23 वर्ष की गोली मारकर हत्या करते हुए फरार हो गए। मृतक अपनी गाड़ी से डीलक्स मोटर साइकिल में सवार हो चितरंगी से पोड़ी तरफ जा रहा था। जिसे फोरव्हीलर वाहन में सवार अज्ञात लोगों ने पीछा कर ग्राम तेंदूहा निवासी हरिनारायण कुंदेल के घर के पास पिस्टल से तीन राउंड गोली मारी। जहां एक गोली मृतक के सीने में जबकि दूसरी गोली रीड की हड्डी मे लगाते हुए पर हो गई। वहीं तीसरी गोली कर निशाना चूक गया और गोली गाड़ी में जा लगी। मृतक सरपंच का भाई है और उसकी ससुराल खैरा गांव में है। लिहाजा हत्या के पीछे पुरानी रंजिश भी माना जा रहा है। फिलहाल मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाने में लगीं रहीं। संभावना जताई जा रही है कि हत्या कांड के पीछे पुरानी रंजिश है। पुलिस आरोपियों की तलाश में विभिन्न ठिकानों पर दबिश दे रही है। और शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार करने की बात कह रहीं हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि बाइक सवार लाले बंसल के सीना और पेट के बीचो-बीच दो गोली लगने के बाद भी घायल लाले घटनास्थल हरिनारायण कुंदेल के घर के पास से लगभग 2 किलोमीटर दूर स्थित लालमणि कोल के घर के पास तक अपने बाइक में सवार होकर भागा। और बाइक खड़ी कर लालमणि कोल से बोला हमारी स्थिति गंभीर है हमें थोड़ी दूर पहुंचा दीजिए अपने बताए स्थान के पहले ही शासकीय प्राथमिक पाठशाला तेंदुहा के पास रोड़ में घायल लाले गिरा और रोड में ही दम तोड़ दिया।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस**

युवक की अज्ञात लोगों ने गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी है। इस गोली कांड के बाद पुलिस के भी हाथ पैर फूल गए। वहीं पुलिस आरोपियों की धर पकड़ के लिए सड़क के किनारे संस्थानों में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है और आने जाने वाले फोर व्हीलर और टू व्हीलर वाहनों की पड़ताल करने में जुटी है।

# भारतीय जनता पार्टी सिंगरौली की विशेष पदाधिकारी बैठक सम्पन्न

**सिंगरौली।** भारतीय जनता पार्टी सिंगरौली की विशेष पदाधिकारी बैठक जिला कार्यालय के सभागार में सम्पन हुई। इस पदाधिकारी बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार की पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह उपस्थित रहीं तथा बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता ने की । बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद डाक्टर राजेश मिश्रा, विधायक सिंगरौली राम निवास शाह, विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक, प्राधिकरण अध्यक्ष दिलीप शाह, निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गिरीश द्विवेदी, वीरेन्द्र गोयल, पूर्व विधायक सुभाष वर्मा, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ सह संयोजक वशिष्ठ पांडेय मंचासीन रहे। जिला मीडिया प्रभारी नीरज





सिंह परिहार ने बताया कि बैठक की औपचारिक शुरुआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं राष्ट्रीय गीत से से हुई। बैठक में स्वागत उद्बोधन जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता ने प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने समस्त अतिथियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया तथा लोकसभा चुनावों में प्रचंड विजय दिलाने के लिये साधुवाद दिया तथा उनके लिए कृतज्ञता प्रकट की। जिलाध्यक्ष जी ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को आने वाले सांगठनिक कार्यक्रमों की जानकारी दी तथा उनको सम्पन्न कराने के विशेष दिशा निर्देश दिए। जिला महामंत्री लालपति साकेत द्वारा विगत दिनों कार्यकर्ताओं एवं उनके परिजन जो दिवंगत हुवे उनके लिये शोक संदेश का वाचन किया। बैठक में प्रधानमंत्री को तीसरे कार्यकाल पर बधाई संदेश जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी ने पेश किया तथा उसका समर्थन जिला उपाध्यक्ष आशा यादव ने प्रस्तुत किया। बैठक में विशेष राजनैतिक प्रस्ताव जिला उपाध्यक्ष अरविंद दुबे ने प्रस्तुत किया जिसका समर्थन जिला उपाध्यक्ष डाक्टर रविन्द्र सिंह ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए लोकसभा सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने अपने विजय का श्रेय कार्यकर्ताओं को देते हुवे विधानसभा वार अपनी विजय का आंकड़ा प्रस्तुत किया तथा कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि हमें आगामी समय में हारे हुवे बूथों की संख्या को शून्य करने की दिशा में काम करना है। सांसद महोदय ने कहा कि आपके हितों के लिये एवं क्षेत्र के विकास हेतु रेलवे लाइन को वन विभाग की अनुमति दिलाने का काम किया है। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्रीमती राधा सिंह ने अपने उद्बोधन में सर्व प्रथम छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा सीट पर भाजपा के विजय की बधाई प्रस्तुत की। मंत्री जी ने कहा कि पीएम श्री हवाई सेवा व एयर एंबुलेंस सेवा से जिलेवासियों को आगामी समय में बहुत लाभ मिलेगा। राज्यमंत्री ने कहा कि हम सभी जिले के विधायक एक साथ मुख्यमंत्री से मिलकर सामूहिक रूप से जिले की विकास की चर्चा करते हैं तथा आपकी मांगों को रखते हैं जिसका सार्थक परिणाम हमें प्राप्त हो रहा है। मंत्री जी ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में अब हिंदी भाषा में अध्यापन का कार्य प्रारंभ होगा। पीएम श्री उत्कृष्ट महाविद्यालय का शुभारंभ होने जा रहा है जिसका सीधा लाभ जिले के विद्यार्थियों को मिलेगा। आयुष अस्पताल की सौगात भी जिले को प्राप्त होने वाली है। चितरंगी माइक्रो सिंचाई परियोजना को बजट आवंटित हो चुका है।

# सीएमराइज विद्यालय में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित



**सीधी।** सीधी शहर में स्थित शासकीय सीएमराइज कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ,कार्यक्रम सर्वप्रथम माँ सरस्वती के चरणों मे पुष्प गुच्छ अर्पित कर,दीप प्रज्वलित कर प्रारम्भ हुआ, विद्यालयीन शिक्षकद्वय वीरेन्द्र कुमार तिवारी, शुभम चतुर्वेदी के द्वारा स्वस्ति वाचन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में माननीया श्रीमती रमा जैन मित्तल विशेष न्यायाधीश, वीरेन्द्र जोशी ,छ्छ, एवं श्रीमती सोनम शर्मा न्यायिक मजिस्ट्रेट उपस्थित रहीं। अपने सम्बोधन में श्रीमती सोनम शर्मा ने कहा कि विधिक साक्षरता से आशय जनता को कानून से समब्धित सामान्य बातों से परिचित कराकर उनका सशक्तीकरण करना है। विधिक जागरूकता से विधिक संस्कृति को बढ़ावा मिलता है, कानूनों के निर्माण में लोगों की भागीदारी बढ़ती है और कानून के शासन की स्थापना की दिशा में प्रगति होती है। पहले विधिक रूप से साक्षर होने का अर्थ था कानूनी दस्तावेजों, विचारों, निर्णयों, कानूनों आदि को लिख/पढ़ पाने की क्षमता। किन्तु अब इसका अर्थ कानून से सम्बन्धित इतनी क्षमता से है जो किसी कानूनी समाज में अर्थपूर्ण जीवन जीने के लिए जरूरी हो, वीरेन्द्र जोशी ने कहा कि कानूनी साक्षरता और कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के गरीब और वंचित वर्गों को न्याय सेवाएँ प्राप्त करने और उनकी माँग करने के लिए सशक्त बनाना है। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रमुख न्याय सेवा प्रदाताओं की संस्थागत क्षमताओं में सुधार करना भी है ताकि वे गरीबों और वंचितों की प्रभावी ढंग से सेवा कर सकें। अतः जनमानस में प्रचार-प्रसार के द्वारा अद्यतन विधि विधानों से आम जनता को अवगत कराया जाना विधिक साक्षरता कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य है। विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 की व्यवस्था के अनुसार विधिक सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत न केवल कमजोर व्यक्तियों को विधिक सेवा उपलब्ध कराया जाना शामिल है, बल्कि भारत के सुदूर एवं ग्रामीण अंचलों में कैम्प लगाकर आम जनता को विभिन्न विधिक प्राविधानों से अवगत कराते हुऐ उन्हें विधिक रूप से साक्षर बनाना भी विधिक सेवा कार्यक्रम का एक अभिन्न अंग है, जिसे विधिक साक्षरता कार्यक्रम के रूप में जाना जाता है। श्रीमती रमा जैन के द्वारा बच्चियों को अनेक प्रकार की कैरियर से सम्बंधित जानकारी दी गई। आभार प्रकट विद्यालयीन प्राचार्य सुभाषचंद पटेल के द्वारा किया गया कार्यक्रम में श्रीमती आरती पाण्डेय, रामसुशील यादव, प्रदीप पांडेय, रामनारायण वैश्य, ज्वाला प्रसाद पटेल, हीरालाल साहू, समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही, मंच संचालन श्रीमती प्रियंका सिंह चौहान के द्वारा किया गया।

## जिले में औसत वर्षा 199.5 मि.मी. दर्ज, सर्वाधिक वर्षा मझौली में

सीधी

अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 13 जुलाई को सीधी जिले में 36.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 1.0 मि.मी., चुरहट में 110.0 मि.मी., गोपद बनास में 36.0 मि.मी., सिहावल में 23.0 मि.मी., बहरी में 31.0 मि.मी., मझौली में 37.0 मि.मी. और कुसमी में 20.0 मि.मी. वर्षा हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 199.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 13 जुलाई तक तहसील मझौली में सर्वाधिक वर्षा 255.0 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 226.1, चुरहट में 221.8, गोपद बनास में 163.0, सिहावल में 165.8, बहरी में 162.8 और कुसमी में 202.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 188.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 10.7 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

# प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस का भव्य उद्धाटन 14 जुलाई को




**सीधी।** उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा 55 उन्नयित प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस का उद्धाटन समारोह गृह मंत्री भारत सरकार के मुख्य अतिथ्य एवं मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन की अध्यक्षता में होगा, जिसका सीधा प्रसारण इंदौर से 14 जुलाई 2024 को किया जाएगा। संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में भी स्थानीय उद्धाटन समारोह का भव्य आयोजन होगा। महाविद्यालय में यह कार्यक्रम सांसद डॉ. राजेश मिश्रा लोकसभा क्षेत्र सीधी के मुख्य अतिथ्य तथा विधायक श्रीमती रीती पाठक विधानसभा क्षेत्र सीधी की अध्यक्षता में संपन्न होगा। इस भव्य समारोह में विधायक श्री विश्वामित्र पाठक विधानसभा क्षेत्र सिहावल एवं विधायक श्री कुंवर सिंह टेकाम विधानसभा क्षेत्र धौहनी, श्री देव कुमार सिंह चौहान के विशिष्ट आतिथ्य एवं गरिमामई उपस्थिति में संपन्न होगा। कार्यक्रम में संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय सीधी के जन भागीदारी अध्यक्ष एवं सीधी जिले के कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी के साथ पुलिस अधीक्षक डॉ. रवींद्र वर्मा, अपर कलेक्टर श्री राजेश शाही, एसडीएम श्री नीलेश शर्मा एवं अन्य प्रशासकीय अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। महाविद्यालय परिवार की ओर से सीधी जिले के वरिष्ठ एवं गणमान्य लोगों को भी आमंत्रित किया गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी. के. सिंह ने शहर के वरिष्ठ जनों एवं महाविद्यालय में अध्ययन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस के रूप में संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के उन्नयित होने के ऐतिहासिक पल के भागीदार बने।

# आजीविका मिशन द्वारा आर-सेटी सीधी से कराया जायेगा प्रशिक्षण

**सीधी।** ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के अवसरों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा जिले के जिला अग्रणी बैंक के माध्यम से स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आर-सेटी) संचालित किया जाता है, जिसका वित्त पोषण पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से किया जाता है। सीधी जिले में यह कार्य यूनियन बैंक के माध्यम से संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा किया जा रहा है, जिसके एक वरिष्ठ शाखा प्रबंधक स्तर के अधिकारी निर्देशक के रूप में कार्य करते है। वित्त वर्ष 2024-25 हेतु आर-सेटी सीधी में 1000 ग्रामीण गरीब स्व सहायता समूहों के सदस्यों एवं उनके परिवारजन हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण जैसे कि - बैंक मित्र, घरेलु विद्युत उपकरण, सेवा उद्यमी, महिला टेलर, कृषि उद्यमी, फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी, कम्प्युटराईज एकाउंटिंग, कस्ट्यूम ज्वेलर उद्यमी, जूट प्रोडक्ट उद्यमी, बम्बू केन क्राफ्ट मेकिंग, ब्यूटीपार्लर मैनेजमेन्ट, ईडीपी फार माईक्रो इन्टरप्राईजेज, शॉपकीपर, पेपर कवर एनवलप एण्ड फाईल मेंकिंग, प्लम्बिंग एवं सेनेटरी वर्क, पापड़-आचार व मसाला मेकिंग, डेयरी फार्मिंग विषय पर आयोजित किए जाने है। जिस हेतु आयु 18 से 40 वर्ष, शैक्षणिक योग्यता विषय अनुसार (5वीं, 8वीं, 10वीं व 12वीं) इच्छुक स्व सहायता समूह सदस्य एवं उनके परिजन आर-सेटी पुरानी सीधी (मड़वास रोड), चन्द्रा पेट्रोल पम्प के पास पहुँचकर निर्देशक शिवेन्द्र चौधरी, मो.नं. - 9415763082 व सीनियर फैकल्टी, उमाशंकर जायसवाल, मो.नं. - 9827374606 पर संपर्क कर सकते है। साथ ही विकासखण्ड स्तर पर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यालय में संपर्क कर प्रशिक्षण हेतु पंजीयन करा सकते है।


## यात्री बसों की चेकिंग कर एक लाख 70 हजार रुपये से अधिक शमन शुल्क वसूल की गई

**सीधी।** जिला परिवहन अधिकारी आशुतोष सिंह ने जानकारी देकर बताया है कि दिनांक 07.07.2024 से 09.07.2024 के मध्य अभियान चलाकर यात्री बसों की चेकिंग की गई जिसमें एपी53च0420 को बिना परमिट व 1 अन्य एपी5317च1413 को परमिट शर्तों के उल्लंघन में जप्त कर 1 लाख 70 हजार का शमन शुल्क वसूल किया गया। उक्त के अतिरिक्त मोटरयान अधिनियम की विभिन्न प्रावधानों के उल्लंघन पर भी 36 हजार रूपये के चालान काटे गये। बस मालिकों को निर्देशित किया गया कि वाहनों के दस्तावेज पूर्ण कर बस संचालित करें।

# एनसीएल की सीएसआर पहल के तहत चलेंगी 4 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स

**सिंगरौली।** एनसीएल के नेहरू शताब्दी चिकित्सालय, जयंत में लोकसभा सांसद (सीधी) डॉ.राजेश मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर 4 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स का लोकार्पण किया गया। एनसीएल की सीएसआर के तहत की गई इस पहल से सिंगरौली परिक्षेत्र की चिकित्सा सुविधाओं को नया आयाम मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान रामनिवास शाह विधायक-सिंगरौली, विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल, चन्द्रशेखर शुक्ला-कलेक्टर सिंगरौली, सीएमडी एनसीएल बी.साईराम, श्रीमती निवेदिता गुप्ता-पुलिस अधीक्षक सिंगरौली, सृजन वर्मा एसडीएम सिंगरौली, निदेशक (कार्मिक), एनसीएल मनीष कुमार, लक्ष्मा रेड्डी कोयला प्रभारी बीएमएस, देवेश पांडेय नगर निगम अध्यक्ष, कंपनी जेसीसी सदस्य अजय कुमार, अशोक कुमार पांडेय अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य व्यक्ति व एनसीएल कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद डा.राजेश मिश्रा ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि एनसीएल के सौजन्य से सिंगरौली परिक्षेत्र को चिकित्सा के क्षेत्र में नई सौगात मिली है। उन्होने एनसीएल को इस पहल के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस पहल से अस्पताल तक न पहुँच पाने वाले ग्रामीण अंचल के रोगियों तक अस्पताल सीधे पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि इस सुविधा के माध्यम से सामाजिक व मानवीय संवेदना के साथ ग्रामीणों की चिकित्सकीय मदद करें। इस अवसर पर उन्होने एनसीएल की स्वास्थ, शिक्षा और स्वच्छता के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए आगे बढ़कर समाज सेवा का कार्य करते रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह ने एनसीएल का आभार व्यक्त किया व चलित चिकित्सालय जैसे नवाचारी पहल हेतु एनसीएल को बधाई दिया व आगे भी सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने में सहयोग का आवाहन किया। एनसीएल के नेहरू शताब्दी चिकित्सालय के निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत रु 5.85 करोड़ रुपए की लागत के इन मोबाइल मेडिकल यूनिट्स (वैन) के द्वारा सिंगरौली परिक्षेत्र के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के निवासी आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं के लाभार्थी बनेंगे। मोबाइल मेडिकल यूनिट्स के परिचालन से प्रारम्भिक बीमारियों के निदान एवं उपचार के साथ साथ मातृ और शिशु स्वास्थ्य में भी सुधार होगा। सभी मोबाइल मेडिकल यूनिट्स आवश्यक चिकित्सा उपकरणों से सुसज्जित हैं एवं इनका संचालन प्रशिक्षित डॉक्टर, नर्स एवं चिकित्सा कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा जिससे उच्च गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवाएँ ग्रामीण इलाकों में पहुंचेगी।मोबाइल मेडिकल यूनिट्स द्वारा स्वास्थ्य जांच, मातृ शिशु देखभाल, टीकाकरण, डायग्नोस्टिक सेवाएँ, उच्च रक्तचाप और मधुमेह जैसे रोगों का परीक्षण, रेफेरल सुविधा, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम एवं दवाओं का वितरण आदि सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

# स्कूल का टॉयलेट साफ करते दो छात्रों का वीडियो वायरल



**सीधी।** एमपी के सीधी में जिला मुख्यालय से 35 किलोमीटर दूर तिलवारी प्राथमिक स्कूल का वीडियो वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा है। पूछने पर छात्र बोले-जो टॉयलेट जाता है उसे सफाई करनी पड़ती है। वहीं शिक्षकों ने बताया कि बच्चों से सफाई नहीं कराई जाती बल्कि दोनों टॉयलेट गए थे जो स्वयं पानी डाल रहे थे।

वीडियो में दो छात्र स्कूल के शौचालय गए हुए थे, जहां टॉयलेट करने के बाद किसी ने सफाई करने के दौरान वीडियो बनाया है। वहीं मामले में जिला परियोजना समन्वयक ने जांच कमेटी गठित कर दी गई है।

शिक्षकों का मानना है कि बच्चों से सफाई नहीं कराई थी बल्कि बच्चे टॉयलेट गए हुए थे जो स्वयं पानी डाल रहे थे। विद्यालय में डेढ़ सौ से अधिक छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। स्कूल भवन बाउंड्रीवॉल नहीं है। टॉयलेट काफी जर्जर हो चुका है। छात्राएं उसका उपयोग भी नहीं कर सकती हैं। एक ही टॉयलेट में छात्र-छात्राएं सभी जाते हैं।

छात्र टॉयलेट गए हुए थे जो उसे करने के बाद उसकी सफाई कर रहे थे उसी समय उसकी वीडियो फिल्म कर दुष्प्रचारित किया जा रहा है, अगर शिक्षक के निर्देश पर छात्रों ने टॉयलेट की सफाई की है तो निश्चित तौर पर शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

राजेश तिवारी, जिला शिक्षा केंद्र अधिकारी

पूरे स्कूल में सिर्फ एक टॉयलेट ठीक-ठाक है जो कागज में तो छात्रों के लिए बनाया गया है लेकिन इस समय उसका उपयोग सभी स्कूल के छात्र-छात्राएं सहित शिक्षक भी कर रहे हैं, छात्रों की मानें तो टॉयलेट करने के बाद पानी डाल रहा था वहीं रखा ब्रश से उसकी सफाई भी की। जो भी छात्र टॉयलेट जाते हैं उन्हें सफाई करनी पड़ती है।

### छात्रा ना झाड़ू लगाएगी ना छात्र शौचालय की सफाई करेगा

सहायक शिक्षक राजमोहन सिंह का कहना है कि सख्त आदेश है कि कोई भी छात्रा ना तो झाड़ू लगाएगी ना तो कोई छात्र टॉयलेट की सफाई करेगा।

## इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के लिये ऑन-लाइन आईडिया अपलोड का पोर्टल प्रारम्भ

**सीधी।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार की इंस्पायर अवार्ड मानक योजनान्तर्गत विद्यार्थियों के ऐसे मौलिक विचार जो समाज की समस्याओं का समाधान कर सकें और इसके अलावा घरेलू और मजदूरों के श्रम को कम करने के उपाय तथा उनकी कार्य क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ सेवाओं को भी आसान करने की अभिनव राह तैयार कर सकें। विद्यार्थियों के मौलिक विचारों को भारत सरकार विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा ऑनलाईन आमंत्रित किया जाता है। भारत सरकार द्वारा विद्यालयों के कक्षा 6 वीं से 10 वीं तक के स्कूली बच्चों के नवाचारी मौलिक विचार को ऑनलाइन प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है।

एपीसी रमसा डॉ. सुजीत कुमार मिश्र ने जानकारी देकर बताया कि इस योजना में शासकीय, अनुदान प्राप्त, अशासकीय विद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय एवं सीबीएसई, आईसीएसई से मान्यता प्राप्त जिले में संचालित विद्यालयों में अध्ययनरत 10 से 15 वर्ष की आयु वर्ग और कक्षा 6वीं से 10वीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों के आइडिया को शामिल किया जाना है। वर्ष 2024-25 के लिए समस्त विद्यालयों के नामांकन एवं प्रति विद्यालय पांच विद्यार्थियों अर्थात कक्षा 6, 7, 8, 9 और 10वीं के एक-एक विद्यार्थी कुल एक स्कूल से 05 विद्यार्थी के आइडिया ऑनलाइन अपलोड किए जाएंगे।

आइडिया की नवीनता, वर्तमान परिस्थितियों के समाधान में उपयोगिता, सामजिक व्यवहारिकता में उपयोगिता, वर्तमान सरकार की योजनाओ में प्रासांगिकता, प्रसार का दायरा एवं लागत की प्रभावशीलता को ध्यान में रखतें हुए विद्यार्थियो के मौलिक विचार अपलोड किये जायेगे। चयनित सभी विद्यार्थियों को अवार्ड की राशि रूपये 10 हजार सीधे उनके खातों में भेजी जायेगी। जिला शिक्षा अधिकारी सीधी डॉ. प्रेमलाल मिश्रा ने जिले के समस्त प्राचार्य एवं प्रधानाध्यापक को अपने विद्यालय से अच्छे आईडिया अपलोड करने हेतु पत्र जारी किया है।

## 15 हजार रुपए दो, इसमें तहसीलदार, पटवारी और मेरा भी हिस्सा', सीमांकन के लिए राजस्व अधिकारी ने मांगी रिश्वत



**सीधी।** राजस्व अधिकारी द्वारा रिश्वत लेने का दो अलग-अलग वीडियो इंटरनेट मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में राजस्व अधिकारी नामांकन सहित अन्य समस्याओं को निपटाने के लिए 15 हजार की मांग की जा रही है, जिसमें पीड़ित किसान 12 हजार रुपये देने को तैयार भी है।

इसी वीडियो का कुछ हिस्सा रिश्वत देते हुए भी वायरल हुआ है। राजस्व अधिकारी वीडियो में कह रहा है कि इस राशि में तहसीलदार, पटवारी और खुद का हिस्सा भी है। यदि पूरे 15 हजार नहीं मिला तो काम नहीं हो पाएगा।

उधर, किसान अपने काम को पूरा कराने के लिए हाथ जोड़कर गिड़गिड़ा रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो तहसील मझौली का है। गौरतलब है कि राजस्व निरीक्षक धर्मदास गुप्ता द्वारा देवराज साकेत निवासी पाड से नामांकन सहित अन्य जमीन विवाद को निपटाने के लिए 15 हजार रुपये रिश्वत की मांग कर रहा है। इतना ही नहीं, कम पैसा देने पर काम करने से मना कर रहा है।

बताया गया है कि राजस्व निरीक्षक पर पूर्व में लोकायुक्त टीम कार्रवाई भी कर चुकी हैं। इसके बावजूद उन्हें विभाग के जिम्मेदार द्वारा काम सौंप दिया गया। जिसके बाद से ही रिश्वत लेने का सिलसिला शुरू हो गया। मझौली तहसील में इन दिनों वायरल वायरल की काफी चर्चा हो रही है। यहां तहसील कार्यालय में बगैर रिश्वत का कोई भी काम आसानी से नहीं होता है, जिससे कई किसान परेशान हैं।

## किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा करा सकते हैं: उप संचालक कृषि

**सीधी।** उप संचालक कृषि ने जानकारी देकर बताया है कि सीधी जिले के किसान 31 जुलाई 2024 तक अपनी खरीफ फसल का बीमा करा सकते हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान भाई जिले में एग्रीकल्चर इन्श्योरेंस कम्पनी ऑफ इण्डिया लिमिटेड के माध्यम से अपनी खरीफ फसलों का बीमा 31 जुलाई 2024 तक करा सकते है। ऋणी कृषको का सम्बंधित वित्तीय बैंक (संस्था) के माध्यम से फसल बीमा किया जाएगा। अऋणी कृषक सम्बन्धित बैंक से या वीमा अभिकर्ता (कम्पनी के तहसील प्रतिनिधि) एवं सी. एस. सी. अथवा स्वयं पीएम एफ वी बाय पोर्टल के माध्यम से अपनी फसलों का वीमा करा सकते हैं।

### दहेज प्रताड़ना से प्रताड़ित महिला ने की आत्महत्या

# आरोपी पति एवं सास को न्यानयालय ने सुनाई 10-10 वर्ष का कठोर कारावास एवं बीस-बीस हजार रूपये जुर्माने की सजा

**सीधी।** बताया गया कि रोहित सिंह चैहान ने थाना कोतवाली में उपस्थित होकर इस आशय की रिपोर्ट की गई कि उसकी शादी वर्ष 2020 में आरती सिंह के साथ हुई थी। दिनांक 05.05.2021 को शाम करीबन समय 07÷30 बजे वह बर्तन लेने अपने दूसरे घर गया था, जब बर्तन लेकर वापस आ रहा था तभी कुंआ के पास छटपटाहट की आवाज आने पर कुंआ में देखा तो उसकी पत्नी आरती सिंह फांसी लगाकर लटक रही थी और उसके पैर पानी के अंदर घुटना तब डूबे हुए थे जिससे उसकी मृत्युल हो गई। आकाल मृत्यु की सूचना दर्ज कर पुलिस द्वारा कार्यवाही प्रारंभ की गई, जिसमें पाया गया कि मृतिका की शादी जुलाई, 2020 में रोहित सिंह निवासी जनकपुर के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही मृतिका का पति, सास, ससुर एवं दादी सास दहेज में भैंस, बकरी एवं जेवरात की मांग को लेकर मृतिका के साथ गाली गलौच मारपीट कर उसे प्रताड़ित करते थे। उक्त दहेज पाने के बावजूद भी मृतिका का पति रोहित सिंह, ससुर बीरेन्द्र सिंह, सास उर्मिला सिंह एवं दादी सास कुसुमकली सिंह लगातार दहेज की मांग को लेकर मृतिका को गाली गलौच व मारपीट कर प्रताड़ित करते रहे। उक्त प्रताड़ना से तंग आकर मृतिका ने दिनांक 05.05.2021 को ससुराल के कुंआ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रथम दृष्टया अपराध अंतर्गत धारा 498ए, 304-बी, 34 भा.दं.सं. एवं धारा 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम का घटित होना पाये जाने पर आरोपीगण के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट 611/2021 पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया एवं विवेचना उपरांत अभियुक्तगण के विरूद्ध अभियोग पत्र माननीय जिला न्यायालय सीधी में प्रस्तुत किया गया, जिसके न्यायालयीन सत्र प्र. क्र. 135/21 में शासन की ओर से शसक्त् पैरवी करते हुए अपर लोक अभियोजक श्रीमती श्रद्धा सिंह द्वारा मामला संदेह से परे प्रमाणित कराया गया। परिणामस्वरूप माननीय प्रथम अपर सत्र न्यायिाधीश की न्याययालय के तृतीय अतिरिक्ता सत्र न्यायाधीश, के द्वारा अभियुक्त पति रोहित सिंह चौहान तनय वीरेन्द्री सिंह चौहान उम्र 25 वर्ष एवं सास उर्मिला सिंह पति वीरेन्द्रन सिंह चौहान उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम जनकपुर थाना कोतवाली सीधी को धारा 304बी भादवि एवं धारा ङदहेज प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत 10-10 वर्ष के कठोर कारावास एवं 20,000/- 20,000/- रू. अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया गया।

## संपादकीय

## आतंकियों के मंसूबे

जम्मू कश्मीर के कठुआ में सोमवार को सेना के काफिले पर हुआ आतंकवादी हमला इस बात की नए सिरे से पुष्टि करता है कि बदले हालात में आतंकी तत्व अपनी मौजूदगी का जल्द से जल्द और अधिकाधिक तीव्रता से अहसास कराना चाहते हैं। हाल के दिनों में अंजाम दी जा रही आतंकी घटनाओं में कुछ नए पैटर्न दिख रहे हैं जो कई लिहाज से गौर करने लायक हैं। इसी साल की बात करें तो जम्मू क्षेत्र में छह बड़ी आतंकी घटनाएं हो चुकी हैं। इनमें रियासी क्षेत्र में बस पर हुआ हमला शामिल है, जिसमें 9 तीर्थयात्री मारे गए थे। पहली बात तो यह कि तीर्थयात्रियों को निशाना बनाना भी जम्मू कश्मीर में हिंसा की पृष्ठभूमि को देखते हुए कोई सामान्य बात नहीं है। दूसरी बात यह कि घाटी में सुरक्षा बलों की बढ़ी हुई चौकसी के मद्देनजर आतंकी तत्वों ने जम्मू के अपेक्षाकृत शांत माने जा रहे इलाकों में अपनी सक्रियता बढ़ाई है। जिस सफाई से आतंकी वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है, इसके लिए उपयुक्त स्थान और समय को चुना जा रहा है, वारदात के बाद आतंकवादी मौके से सुरक्षित निकल जा रहे हैं, यह सब बगैर स्थानीय समर्थन के संभव नहीं है। जाहिर है, इस बीच आतंकियों का एक लोकल सपोर्ट नेटवर्क खड़ा हो गया है। आतंकी हरकतों में हुए इस इजाफे को खुफिया सूत्रों से मिली इस सूचना से अलग करके नहीं देखा जा सकता कि करीब दो महीने पहले ही सीमा पार से बड़ी संख्या में आतंकवादियों की घुसपैठ कराई गई है। हालिया आतंकी घटनाओं पर बारीकी से गौर करें तो साफ हो जाता है कि प्लानिंग से लेकर इम्प्लीमेंटेशन तक पूरी प्रक्रिया अच्छी तरह प्रशिक्षित लोगों द्वारा अंजाम दी जा रही है। इस संदर्भ में देखें तो साफ है कि सीमा पार बैठे आकाओं का मकसद इन आतंकी वारदात के जरिए जम्मू कश्मीर में अशांति का संदेश देना और जैसे भी संभव हो जम्मू कश्मीर में आगामी चुनावों की प्रक्रिया को मुल्तवी कराना हो सकता है। पिछले लोकसभा चुनावों में हुए 58.6 प्रतिशत मतदान ने निश्चित रूप से आतंकवादियों के आकाओं को परेशान किया होगा, जो पिछले 35 वर्षों का जम्मू कश्मीर का सबसे ऊंचा मत प्रतिशत है।

**भारत में डेटा और एल्गोरिदम से जुड़े मामलों में ऐप जैसी इंटरमीडियरी और सोशल मीडिया कंपनियों की जवाबदेही तय करने के लिए डिजिटल इंडिया बिल पर बहस हो रही है। प्रभावी कानून और नियम संसद से पारित होने के पहले इन मामलों में सेलिब्रिटीज को भारत में कानूनी सुरक्षा मिलना टेढ़ी खीर है।**

# एआई से क्यों आशंकित है आर्टिस्टों की दुनिया

(विराग गुप्ता)

अमेरिका के कई राज्यों में आवाज के अनधिकृत इस्तेमाल पर विस्तृत कानून होने के बावजूद हॉलिवुड की स्कारलेट जॉनसन जैसी हस्तियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ढ्ढ की दुनिया में वॉयस क्लोनिंग के लिए डेटा और अल्गोरिदम का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल होता है। भारत में डेटा और एल्गोरिदम से जुड़े मामलों में ऐप जैसी इंटरमीडियरी और सोशल मीडिया कंपनियों की जवाबदेही तय करने के लिए डिजिटल इंडिया बिल पर बहस हो रही है। प्रभावी कानून और नियम संसद से पारित होने के पहले इन मामलों में सेलिब्रिटीज को भारत में कानूनी सुरक्षा मिलना टेढ़ी खीर है।

- **संविधान में प्रावधान-** अनुच्छेद-19 (1) (ए) में अभिव्यक्ति की आजादी और 21 में निजता का अधिकार दिया गया है। भरोसेमंद एआई के विस्तार के लिए हामी भरते हुए भारत जीपीएआई का सदस्य बना है। सुप्रीम कोर्ट के 9 जजों की बेंच ने 2017 में पुट्टास्वामी फैसले में प्राइवेसी के संवैधानिक अधिकार को मान्यता दी थी। उस फैसले के अनुसार संसद से कानूनी व्यवस्था अभी तक नहीं बनी। नियम नहीं बनने की वजह से पिछले साल संसद से पारित डेटा सुरक्षा कानून भी अब तक किताबों में ही कैद है।
- **कॉपीराइट के कानून-** वैश्विक स्तर पर इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स (आईपीआर) के तहत विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ) के कानून मानवीय सृजनात्मकता पर आधारित हैं। भारत में कॉपीराइट कानून 1957 में बनाए गए। इनके तहत मौलिक साहित्य, थियेटर, संगीत, फिल्म, साउंड रिकॉर्डिंग और कलात्मक कार्यों पर सर्जक को कानूनी सुरक्षा मिलती है। इन कानूनों का मुख्य मकसद रचनात्मक कार्य के लेखक या सृजक को सही मान्यता और भुगतान का अधिकार दिलाना है। कानून की धारा-17-बी में व्यक्तित्व के अनधिकृत इस्तेमाल के बारे में प्रथम लेखक या मालिक को अधिकार दिए गए हैं। राहत हासिल करने के लिए दो बातों को साबित करना जरूरी है, पहला अनधिकृत इस्तेमाल और दूसरा डिसीव करना यानी छलना। लेकिन वॉयस क्लोनिंग का मसला पूरे व्यक्तित्व से जुड़ा है, जिस बारे में कॉपीराइट कानून में समुचित सुरक्षा हासिल नहीं है। आईपीआर कानूनों के तहत एआई को कॉपीराइट के अधिकार प्राप्त नहीं हो सकते, क्योंकि यह कानूनी इकाई नहीं है।
- **ट्रेडमार्क की मुश्किल-** ट्रेडमार्क कानून का मकसद किसी प्रॉडक्ट की गुणवत्ता और उसके स्रोत को सुनिश्चित करना है। लेकिन सभी क्षेत्रों और वर्गों में ट्रेडमार्क का रजिस्ट्रेशन कराना कानूनी तौर पर बहुत ही मुश्किल है। ट्रेडमार्क कानून की धारा-2 (एम) में मार्क को नाम और सिग्नेचर के तौर पर ही परिभाषित किया गया है। कानून के दायरे में आवाज, इमेज और व्यक्तित्व के दूसरे पहलू स्पष्ट तौर पर शामिल नहीं हैं। ट्रेडमार्क कानूनों का मुख्य मकसद व्यावसायिक प्रतिद्वंद्वियों पर रोक लगाना है, जबकि एआई के माध्यम से वॉयस क्लोनिंग आदि का व्यक्तियों के बजाए सार्वजनिक इस्तेमाल हो रहा है। इससे प्रत्यक्ष तौर पर व्यावसायिक लाभ को साबित करना मुश्किल है।एआई के सृजन में पारदर्शिता के अभाव से रचना में नकल और स्वतंत्रता का वर्गीकरण करना कठिन है। ऐसे में वॉयस क्लोनिंग जैसे पर्सनैलिटी राइट्स के मसलों का ट्रेडमार्क में रजिस्ट्रेशन कराना मुश्किल है।
- **अदालती फैसले-** डीएम एंटरटेनमेंट कंपनी के केस में अदालत ने 1996 में दलेर मेंहदी के रजिस्टर्ड ट्रेडमार्क को मान्यता दी थी। 2012 में टाइटन इंडस्ट्रीज बनाम राजकुमार जूलर्स केस में दिल्ली हाईकोर्ट ने सिलेब्रिटी को कानूनी तौर पर परिभाषित किया। उस फैसले के अनुसार फिल्म जगत के अनेक दिग्गजों को हाईकोर्ट से राहत मिली। वहीं, अमेरिका में 1890 में सैम्युअल वॉरेन और लुईस ब्रांडेस ने हार्वर्ड लॉ रिव्यू में प्राइवेसी के अधिकार पर पेपर का प्रकाशन किया था। इसके बाद न्यू यॉर्क में 1903 में कानून बने। साल 1953 में,




अदालत के अहम फैसले में प्राइवेसी और पब्लिसिटी के कानूनी अधिकारों के फर्क को दर्शाया गया। 1988 में अमेरिकन सर्किट कोर्ट ने मिडलर बनाम फोर्ड मोटर मामले में कॉपीराइट के उल्लंघन की सीमित नजरिए से व्याख्या की। इसके आधार पर भारत की अदालतों में कई फैसले हुए हैं।

- **कानूनी जटिलताएं-** वॉयस क्लोनिंग जैसे मामलों में बड़े सिलेब्रिटीज के अधिकार और मुनाफे शामिल रहते हैं, जिनका आम जनता से ज्यादा ताल्लुक नहीं है। डेटा और अल्गोरिदम को एआई की तकनीक से नया प्रॉडक्ट बनाया जाता है। डेटा का स्वामित्व किसके पास है, इस बारे में दो दशकों से टीआरएआई और डाट में अंतहीन बहस चल रही है। एआई को कानूनी पहचान नहीं मिलने की वजह से उस पर आईपीआर के कानून लागू करना मुश्किल है। ढ्ढ के इस्तेमाल से ऑडियो बुक, वीडियो गेम एनिमेटेड फिल्म, शिक्षण-सामग्री और विज्ञापन बनाए जा रहे हैं, जिससे रोजगार के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं।
- **नए कानून की जरूरत-** डेटा के बेजा इस्तेमाल पर सख्ती होने से फिल्म उद्योग में संगीत, स्टोरी, फैंटेसी, चित्रण आदि पर रोक लग सकती है। मर्ज के मूल कारण में गए बगैर वॉयस क्लोनिंग जैसे मामलों में कानूनी सुरक्षा और उपचार हासिल करना मुश्किल है। गाड़ी को पटरी में लाने के लिए अल्गोरिदम, मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग, न्यूरल नेटवर्क और वर्चुअल रियल्टी जैसे शब्दों को कानून की किताबों में विस्तार से समझाना होगा। डेटा, तकनीक, निर्माता, ऐप और सोशल मीडिया प्लैटफार्म सभी के लिए सख्त कानूनी प्रावधान आने के बाद ही वॉयस क्लोनिंग जैसे मामलों पर भारत में सिलेब्रिटी को समुचित राहत मिल सकती है।
- एक आम धारणा सी बनती दिख रही है कि एआई रचनात्मकता और रचनात्मक लोगों के लिए खतरनाक है। यह सच है कि एआई की उपस्थिति दिखने लगी है और यह बहुआयामी है। जब ईलॉन मस्क ने कहा कि संभावनाएं हैं कि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस मानवता को नुकसान पहुंचाए, तो खबर बननी ही थी। कलाओं और खासकर लेखन की दुनिया के लिए ढ्ढ के प्रभाव बहुस्तरीय प्रतीत होते हैं। इसके असर रचनात्मक दुनिया के लिए केवल रचनात्मक या व्यावसायिक ही नहीं, नैतिक भी हैं, जिन्हें ठीक से समझने की जरूरत है।
- **कलाकारों पर असर-** महामारी के असर से रचनात्मक दुनिया अभी उबर भी नहीं पाई थी कि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस ने संकट को विकराल बना दिया। विकराल होना वास्तविकता कम और नासमझी ज्यादा हो सकती है। अगर सिनेमा की बात करें तो दो प्राथमिक असर अभिनेताओं और लेखकों पर दिख रहा है। हालांकि इसका दायरा कहीं ज्यादा बड़ा है। राइटर्स गिल्ड ऑफ अमेरिका ने जब कुछ समय पहले लेखकों के लिए ढ्ढ के खतरे को लेकर हड़ताल की घोषणा की थी, तब दुनिया ने इस ओर ध्यान दिया।
- **कृत्रिम के साथ सहजता-** एआई को शुद्ध रूप से खतरा मानने वाले लोगों का कहना है कि इससे किसी वेब सीरीज का अगला सीजन बनाना बहुत आसान हो जाएगा। न लेखक की जरूरत होगी और न अभिनेताओं की। आशंका जताई जा रही है कि अगले तीन-चार बरसों में यह असर दिखने लग जाएगा, एआई से बनी रचनाएं या कलाकृतियां आने लगेंगी। सोशल मीडिया के फिल्टर्स के जरिए दर्शकों-श्रोताओं को आदत लगानी शुरू कर दी गई है कि कृत्रिम के साथ सहज हो जाइए। इतना सहज कि वही असली लगने लगे।
- **चिंता का विषय-** लेखक के रूप में मुझे एआई के शुरुआती रुझानों से कोई संकट महसूस नहीं हुआ, पर धीरे-धीरे अहसास होने लगा है। पहले लग रहा था कि मानवीय मस्तिष्क तो असीम है, रचनात्मकता में उसका मुकाबला कोई मशीन या टेक्नॉलजी कैसे कर सकती है। फिर लगा कि नहीं, यह कहना जल्दबाजी होगी, सरलीकरण होगा। यह संभव है कि मेरा सोचना पूरी तरह से सही नहीं था। प्रफेशनल लेखकों के लिए आर्टिफिशल इंटेलिजेंस वास्तव में चिंता का विषय तो है।
- **बदलाव के साथ-** एक व्यावहारिक पक्ष यह भी है कि हम इसे खतरे के बजाय चुनौती मान लें, क्योंकि तकनीकी बदलाव तो होंगे ही। यह सतत प्रक्रिया है। कलाएं तकनीकी विकास की चुनौतियों से निखरी हैं। जब सिनेमा एनालॉग से डिजिटल में बदल रहा था, तो इंडस्ट्री के बहुत-से लोगों ने विरोध किया। इनमें डीओपी, तकनीशियन वगैरह थे। उन्हें डर था कि उनका रोजगार छिन जाएगा, क्योंकि नेगेटिव कटर, लैब्स सब बंद हो गए।

# वित्तीय स्थिरता प्रतिवेदन के अनुसार भारत की वित्तीय प्रणाली बहुत मजबूत है

(प्रह्लाद सबनानी)

भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 में नागरिकों की बचत दर घटकर सकल घरेलू उत्पाद के 18.4 प्रतिशत तक नीचे आ गई है जो वर्ष 2013 से 2022 के बीच में औसतन 20 प्रतिशत की रही है।

जून 2024 के अंतिम सप्ताह में, 27 जून 2024 को, भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय स्थिरता प्रतिवेदन जारी किया है। यह प्रतिवेदन वर्ष में दो बार, 6 माह के अंतराल पर, जारी किया जाता है। इस प्रतिवेदन में यह बताया गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था और भारत की वित्तीय प्रणाली लगातार मजबूत बनी हुई है और बेहतर तुलन पत्र के आधार पर, भारत के बैंक एवं वित्तीय संस्थान लगातार ऋण विस्तार के माध्यम से देश की आर्थिक गतिविधियों में तेजी लाने में अपनी प्रभावी भूमिका का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं। 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष में भारत के अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 16.8 प्रतिशत का रहा है तथा सकल अनर्जक आस्ति अनुपात पिछले कई वर्षों के सबसे निचले स्तर अर्थात 2.8 प्रतिशत पर एवं निवल अनर्जक आस्ति अनुपात केवल 0.6 प्रतिशत पर आ गया है जो अपने आप में एक रिकार्ड है। न केवल अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक मजबूत बने हुए हैं अपितु गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) भी स्वस्थ बनी हुई हैं, जिनका पूंजी पर्याप्तता अनुपात 26.6 प्रतिशत, सकल अनर्जक आस्ति अनुपात 4.0 प्रतिशत और आस्तियों पर प्रतिलाभ 3.3 प्रतिशत रहा है। पूंजी पर्याप्तता अनुपात का मजबूत स्थिति में रहने का आश्य यह है कि इन बैंकों के पास पर्याप्त मात्रा में पूंजी उपलब्ध है और इन बैंकों में किसी प्रकार की आर्थिक परेशानी आने पर यह बैंक सफलतापूर्वक उस आर्थिक परेशानी का सामना कर सकते हैं। वहीं दूसरी ओर, अनर्जक आस्ति अनुपात का सबसे कम स्तर पर आने का आश्य यह है कि बैंकों द्वारा प्रदान किए जा रहे ऋणों की अदायगी समय पर हो रही है एवं इन ऋणों पर पर कोई दबाव दिखाई नहीं दे रहा है।

उक्त प्रतिवेदन में भारतीय रिजर्व बैंक ने भारतीय अर्थव्यवस्था में पनप रहे कुछ जोखिमों की ओर भी इशारा किया है। हालांकि वैश्विक स्तर पर कई विकसित देशों द्वारा अभी भी सख्त मौद्रिक नीति का अनुपालन किया जा रहा है एवं इन देशों द्वारा ब्याज दरों को अभी भी उच्च स्तर पर बनाए रखा गया है क्योंकि मुद्रा स्फीति की दर इन देशों में स्वीकार्य स्तर तक नीचे नहीं आ पाई है। भारत के लिए जरूर इस प्रकार के जोखिम कमजोर पड़े हैं क्योंकि भारत में मुद्रा स्फीति की दर को नीचे लाने में सफलता मिली है। परंतु, भारत में एक तो विशेष रूप से कोविड महामारी के बाद से नागरिकों पर ऋण का अतिरिक्त बोझ बड़ा है और दूसरे भारतीय नागरिकों की वित्तीय बचत की दर में कमी आई है। उक्त प्रतिवेदन में विशेष रूप से इन दो जोखिमों की ओर ध्यान दिलाया गया है।भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 में नागरिकों की बचत दर घटकर सकल घरेलू उत्पाद के 18.4 प्रतिशत तक नीचे आ गई है जो वर्ष 2013 से 2022 के बीच में औसतन 20 प्रतिशत की रही है। इसी प्रकार, एक अन्य मानक के अनुसार, वर्ष 2013 से 2022 के बीच भारतीय नागरिक अपनी कमाई का औसतन 39.8 प्रतिशत भाग बचत करते थे परंतु वित्तीय वर्ष 2022-23 में यह भाग घटकर 28.5 प्रतिशत तक नीचे आ गया है। बचत, दरअसल, दो प्रकार की होती है, एक वित्तीय बचत और दूसरे, सम्पत्ति निर्मित करने हेतु बचत। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, भारतीय नागरिकों की वित्तीय बचत जरूर कम हुई है परंतु सम्पत्ति निर्मित करने हेतु की गई बचत में वृद्धि दृष्टिगोचर है। जैसे, मकान बनाने हेतु एवं कार खरीदने हेतु की गई बचत को सम्पत्ति निर्मित करने हेतु की गई बचत की श्रेणी में रखा जाता है। भारत में हाल ही के वर्षों में सम्पत्ति निर्मित करने हेतु बचत का रुझान बहुत तेज गति से आगे बढ़ा है। आवास एवं कार आदि जैसी सम्पत्तियां खरीदने हेतु भारत में मध्यवर्गीय परिवार अपनी बचत के साथ ही बैकों से ऋण लेकर भी इन सम्पत्तियों का निर्माण कर रहे हैं। इससे अर्थव्यवस्था के चक्र में भी तेजी दिखाई देने लगी है क्योंकि मकान बनाने के लिए स्टील, सिमेंट, आदि पदार्थों की खपत भी बढ़ रही है एवं इन उत्पादों का उत्पादन भी विनिर्माण इकाईयों द्वारा अधिक मात्रा में किया जा रहा है, इससे देश में रोजगार के अवसर भी निर्मित हो रहे हैं। कुल मिलाकर, इससे देश के अर्थ चक्र में तेजी दिखाई देने लगी है। साथ ही, वित्तीय बचत कम इसलिए भी हो रही है क्योंकि अब देश का पढ़ा लिखा नागरिक वित्तीय रूप से अधिक साक्षर हो गया है एवं अब यह स्थिति समझने लगा है कि बैंकों एवं पोस्ट ऑफिस में बचत करने पर मिल रहे ब्याज की तुलना में शेयर (पूंजी) बाजार में निवेश करने तथा सोने एवं चांदी जैसे पदार्थों में निवेश करने से अधिक आय का अर्जन सम्भव होता दिखाई दे रहा है। साथ ही, भूमि का टुकड़ा खरीदकर उस पर भवन का निर्माण कर तुलनात्मक रूप से अधिक आय का अर्जन किया जा सकता है। अतः बैकों एवं पोस्ट ऑफ़िस के स्थान पर अब देश के नागरिक देश के पूंजी बाजार में अपनी बचत का निवेश करने लगे हैं।

दूसरे, मध्यवर्गीय परिवार अब अपने बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं पर अधिक ध्यान देने लगे हैं। इससे, इनकी कुल आय का अधिक प्रतिशत अब इन मदों पर खर्च होता दिखाई दे रहा है, इससे अंततः इन परिवारों की बचत में भी कमी दृष्टिगोचर हो रही है। इसी कारण के चलते नागरिकों की शुद्ध वित्तीय बचत में 11.3 प्रतिशत की भारी भरकम गिरावट दर्ज हुई है जो वर्ष 2022-23 में 28.5 प्रतिशत की रही है और पिछले 10 वर्षों के दौरान औसतन 39.8 प्रतिशत की रही थी। कोरोना महामारी के दौरान चूंकि पूरे देश में लॉकडाउन लगाया गया था अतः इस दौरान भारत में घरेलू बचत दर बढ़कर 51.7 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। परंतु कोरोना महामारी के बाद जैसे ही लॉकडाउन को हटाया गया, नागरिकों ने अपने खर्चों में वृद्धि करना शुरू कर दिया एवं आस्तियों में निवेश भी करना शुरू किर दिया था, इससे घरेलू बचत की दर में भारी भरकम गिरावट दर्ज हुई है। अब तो देश के नागरिक आस्तियों में निवेश करने के उद्देश्य से बैकों से ऋण प्राप्त करने में भी किसी प्रकार की कठिनाई का अनुभव नहीं कर रहे हैं।

## वर्ग पहेली 5430



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 28 अगस्त 1913 को जन्मी ये भोपाल रियासत की राजकुमारी जिन्हें भारत की पहली पायलट होना का गौरव प्राप्त है (6)
6. फेसला करने वाला, न्यायकर्ता (2)
7. न्यायालय में दिया गया प्रार्थना पत्र (3)
8. जल नितल, तलछट (2)
9. अधिकार क्षेत्र, वृत्त (3)
10. निर्णीत, निश्चय किया हुआ (2)
11. स्तुति करने वाला, प्रशंसक (3)
14. अंदाज, अनुमान, कयास (4)
16. पुरूष, मर्द (2)
17. गीष्म ऋतु में चलने वाली तप्त हवा (1)
18. 12 अगस्त 1987 को संसद में पास किए अधिनियम के अनुसार यह राज्य भारत संघ का 15 वां राज्य बन गया (2)
19. स्फूर्त, चटक, चुस्त, मुस्तैद (3)
21. नृत्य, संगीत-गीत के अनुसार अंगों का संचालन (2)
22. हरियाण की एक प्रसिद्ध जाति (2)
23. पति, खाविंद, भूर्तिभर्ता (4)

**ऊपर से नीचे**

1. वर्तमान दौर का एक न्यूज चैनल (4)
2. इंद्र वज्र, मेघ विद्युत (3)
3. सुख देने वाला, नव मार्ग (4)
5. बांग्लादेश की प्रचलित मुद्रा (2)
10. किनारे पर होने या रहने वाला (4)
12. वन में विचरण करने वाला या रहने वाला, बहेलिया, व्याघ्र (5)
13. धातु या मिट्टी का बना टोंटीदार लोटा जो पूजा आदि में पयुक्त होता है (3)
15. निशाना, गंतव्य स्थान (2)
19. लंबाई की एक नाम जो 12 इंच के बराबर होती है (2)
20. फायदा, मुनाफा, परिणाम प्राप्ति (2)
21. रिश्ता, संबंध (2)

## वर्ग पहेली 5429 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मु | के | श | | | का | ति | ब |
| आ | ला | प | क | | मा | ल | वा |
| य | | थ | ल | प | क्षी | | सी |
| ना | पा | क | | ल | | | र |
| | क | र्ता | र | | सो | फा | |
| आ | न | | सि | त | म | ग | र |
| न | ज | र | क | र | ना | | फू |
| न | र | म | | ना | थ | ना | |

# सिर्फ लोकसभा वाली दोस्ती ! फिर एक दूसरे के जानी दुश्मन क्यों बन बैठे आप-कांग्रेस?

(समन हुसैन)

इस बार के लोकसभा चुनाव ने इंडिया गठबंधन को दिल्ली में काफी मायूस करने का काम किया। दोनों आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने गठबंधन कर बीजेपी को कड़ी टक्कर देने की कोशिश की, लेकिन 10 साल बाद भी भाजपा ने सभी सात सीटों पर जीत दर्ज की। अब उस करारी शिकस्त के बाद दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच में फिर किसी गठबंधन की उम्मीद नहीं रह गई है।

**आखिर आप से क्यों नाराज कांग्रेस?**

इस समय कांग्रेस ने दिल्ली में करारी हार पर कई रिव्यू मीटिंग की है, बड़े नेताओं को साथ बुलाया है। निष्कर्ष निकला है कि आम आदमी पार्टी ने खुलकर कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए वोट नहीं मांगे, उनकी तरफ से उस तरह का समर्थन नहीं मिला जो मिलना चाहिए था। इस बात की भी आशंका जाहिर कर दी गई है कि आम आदमी पार्टी को डर था कि विधानसभा चुनवा में कहीं उसका वोट कांग्रेस को शिफ्ट ना कर जाए, इस वजह से भी जमीन पर गठबंधन कमजोर हुआ।

**कांग्रेस को दिल्ली में हार की वजह क्या लगती?**

अब इन्हीं मुद्दों पर जब रिव्यू मीटिंग में चर्चा हुई तो कांग्रेस के कम से कम 90 नेताओं ने अपने विचार रखे, कई ने फोन के जरिए भी अपनी बात को आगे बढ़ाया। ज्यादातर नेताओं का मानना रहा कि 2025 में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के साथ किसी भी तरह का गठबंधन नहीं हो सकता है। जिन तीन प्रत्याशियों को कांग्रेस ने दिल्ली में उतारा था, उन्होंने भी एक सुर में आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा है। एक नेता जरूर ऐसे सामने आए जिन्होंने कांग्रेस के बड़े नेताओं पर भी उनके खिलाफ ही प्रचार करने का आरोप जड़ दिया।

**आप से दूरी, कांग्रेस को फायदा क्यों दिख रहा?**

इस समय कांग्रेस को किसी भी तरह से दिल्ली में खोई हुई जमीन को फिर हासिल करना है, ऐसे में पार्टी आम आदमी पार्टी के खिलाफ बने गुस्से को भी भुनाना चाहती है। जिस तरह से कथित शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल से लेकर मनीष सिसोदिया गिरफ्तार हो चुके हैं, कांग्रेस के कई नेता मान रहे हैं कि आप के खिलाफ बना गुस्सा उन्हें खड़ा होने में मदद दे सकता है। कांग्रेस का साफ कहना है कि राष्ट्रीय स्तर पर जरूर आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन रहेगा, लेकिन लोकल लेवल पर साथ में काम संभव नहीं।

**नतीजों के तुरंत बाद खत्म हुई दोस्ती!**

वैसे अगर लोकसभा नतीजों के बाद से ही कांग्रेस की रणनीति की समीक्षा की जाए तो पता चलता है कि आम आदमी पार्टी के खिलाफ तो वो काफी पहले हो चुकी है। बात चाहे हीटवेव के दौरान दिल्ली की व्यवस्था की हो या फिर सड़कों पर होने वाले जलभराव की, बात चाहे भ्रष्टाचार को लेकर केजरीवाल से लेकर मंत्रियों आतिशी-सौरभ पर हमला करने की हो या फिर किसी अन्य मुद्दे की, किसी भी तरह की दोस्ती अब देखी नहीं जा सकती है।

**इतना विरोध, फिर भी यहां मिलता रहेगा समर्थन-** अभी के लिए यह जरूर है कि म्यूनिसिपल स्तर पर दोनों कांग्रेस और आप के बीच में आपसी सहमति रहने वाली है।

## आज का राशिफल

### मेष

आज भाग्?य में वृद्धि का दिन है और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपको सम्?मान की प्राप्ति होगी और भाग्?य आपका साथ देगा। वृद्धजनों की सेवा और पुण्य कार्य पर धन व्यय होने से मन में हर्ष रहेगा। प्रतिद्विन्दियों के लिए आप सिरदर्द बने रहेंगे। आपके दांपत्?य जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी ।

### वृषभ

आज दिन सफलता से भरा होगा और आप अपने विरोधियों को छोड़कर आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे। आपको लाभ अच्?छा होगा और आपके प्रयास सफल होंगे। धीरे-धीरे सफलता की ओर कदम बढ़ाये जा सकते हैं। कोई नया कार्य शुरू करने से पहले उसके फायदे और नुकसान के बारे में अच्?छे से सोच लें।

### मिथुन

आज दिन सामान्?य है और आपके लिए सफलता के संयोग बन रहे हैं। आपको बौद्धिक और व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता प्राप्?त होगी और बिजनस में नए आइडिया पर काम करेंगे तो आपको लाभ होगा।

### कर्क

आज दिन सफलता से भरा होगा और आपके द्वारा लिए गए निर्णय लाभप्रद होंगे। आपका जन संपर्क बढ़ने से आप प्रफुल्लित रहेंगे। कोई व्यक्ति आपके लिए समस्या उत्पन्न कर सकता है। आपके धन में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होने से आपके परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

### सिंह

आज भाग्?य हर मामले में आपका साथ देगा। विरोधियों का षड़यंत्र असफल रहेगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों पर शुभ व्यय होने से मन में हर्ष होगा। बहुत समय से चली आ रही कटुता आपसी समझौते से समाप्त हो जाएगी। नया परिचय मित्रता में परिवर्तन हो सकता है।

### कन्या

आज दिन काफी चुनौतीपूर्ण रहेगा। आपके सामने ढेर सारी जिम्मेदारियां खड़ी करनी चाहिए तो आपको लाभ होगा। किसी प्रकार की व्?यवस्?था करने में आप पूरे दिन काफी बिजी रहेंगे। सुव्यवस्था करने में आपका कोई सानी नहीं है।

### तुला

आज दिन लाभ से भरा होगा और कुछ खास फैसले आपको लाभ प्रदान कर सकते हैं। मेहनत करने से आपको सफलता प्राप्?त होगी और आय में वृद्धि होगी। गुप्त शत्रु सक्रिय रहेंगे और आपको व्यर्थ की भागदौड़ पारिवारिक अशांति विशेष रूप से रहेगी। सूर्यास्त होते समय कुछ राहत मिल जाएगी।

### वृश्चिक

आज कारोबार में लाभ होगा।कोई महत्वपूर्ण व्यवसायिक अनुबंध आपके पक्ष में फाइनल हो सकता है। यदि आप आज अपनी बात दूसरों तक पहुंचाने में कामयाब हो जाए तो आने वाले दिनों में आपसे वरिष्ठ व्यक्ति भी आपकी प्रशंसा करेंगे। आपको कारोबार में लाभ होगा और योजनाएं सफल होंगी।

### धनु

धनु आज घर में धन धान्य की वृद्धि होगी और मित्रों से धन का लाभ होगा। शत्रुओं पर विजय प्राप्?त होगी और मनोरथ सिद्धि होगी। रात्रि में शुभव्यय-मंगलमय समारोह में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा। आपको कारोबार में लाभ होगा और योजनाएं पूर्ण होंगी।

### मकर

आज धन वृद्धि होगी और आपको विजय प्राप्?त है। सत्पुरुषों के मिलने से मन में प्रसन्नता होगी। उच्चाधिकारियों की कृपा से भूमि-जायदाद संबंधी विवाद का समाधान भी हो जाएगा। सांयकाल के समय स्वास्थ्य कुछ ढीला हो सकता है, ध्यान रखें। आपको कारोबार में सफलता प्राप्?त होगी और निवेश में लाभ होगा।

### कुंभ

आज कर्म फल के मामले में फायदा होगा। कहीं से कमा कमाया धन मिलने का योग है। किसी वृद्ध महिला का आशीर्वाद मिलने से उन्नति के विशेष अवसर प्राप्त होंगे। भाई बन्धुओं से विवाद हो सकता है। मतभेद और क्रोध अधिक न करें। आपके कारोबार में सफलता प्राप्?त होगी।

### मीन

आज धन में वृद्धि होगी। आय के नये स्रोत सामने आएंगे। विरोध पक्ष पराजित होगा। आपके भाग्य का सितारा फिर से चमकने लगेगा। व्यवसाय में अधिक धन लगाना लाभकारक रहेगा। आप परिवार के लोगों के साथ कहीं घूमने जाने का मन है और आपको लाभ होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### 25 जून को कांग्रेस सरकार ने भारत के संविधान को रौंदा था : डा. सतीश पूनिया



**चंडीगढ़, एजेंसी।** भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने के भारत सरकार के निर्णय का स्वागत किया है और प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया। सोशल मीडिया पर लिखते हुए उन्होंने कहा कि 25 जून का दिन संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाना हमें याद दिलाएगा कि जब भारत के संविधान को रौंदा गया था तब लोगों ने कितने कष्ट सहे थे। यह दिन हर उस व्यक्ति को श्रद्धांजलि देने का दिन है जिन्होंने आपातकाल की ज्यादतियों के कारण कष्ट झेले, जो भारतीय इतिहास का एक काला दौर था। डा. सतीश पूनिया ने कहा कि 25 जून 1975 वह काला दिवस था जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के तानाशाही मानसिकता ने हमारे संविधान में निहित लोकतंत्र की हत्या कर देश पर आपातकाल थोपा था। उन्होंने कहा कि यह दिवस हमारे सभी महापुरूषों के त्याग व बलिदान का स्मरण कराएगा जो कांग्रेस के इस तानाशाही मानसिकता के विरुद्ध संघर्ष करते हुए संविधान की रक्षा व लोकतंत्र की पुनर्स्थापना के लिए यातनाएं सही और दिवंगत हो गए। प्रदेश प्रभारी ने कहाकि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी ने अपनी तानाशाही मानसिकता के चलते भारतीय लोकतंत्र की आत्मा का गला घोंटा था। आपातकाल में लाखों लोगों को अकारण जेल में डाल दिया गया और मीडिया की आवाज को दबा दिया गया। भारत सरकार ने हर साल 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का निर्णय किया यह ऐतिहासिक है। डा. पूनिया ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा लिए गए इस निर्णय का उद्देश्य उन लाखों लोगों के संघर्ष का सम्मान करना है, जिन्होंने तानाशाही सरकार की असंख्य यातनाओं व उत्पीड़न का सामना करने के बावजूद लोकतंत्र को पुनर्जीवित करने के लिए संघर्ष किया। संविधान हत्या दिवस हर भारतीय के अंदर लोकतंत्र की रक्षा और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की अमर ज्योति को जीवित रखने का काम करेगा, ताकि कांग्रेस जैसी कोई भी तानाशाही मानसिकता भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न कर पाए।

### यूपी में 20 उद्योग लगने का रास्ता साफ, 9890 करोड़ रुपए का होगा निवेश

**लखनऊ, एजेंसी।** यूपी में एक साल में 20 औद्योगिक परियोजनाओं में 9890 करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाओं का रास्ता साफ हो गया है। योगी सरकार ने इन 20 निवेशक कंपनियों को उनके उद्योग के बदले रियायतें देने के लिए लेटर ऑफ कंफर्ट जारी किए हैं। इनमें सर्वाधिक निवेश परियोजनाएं पूर्वांचल की हैं। इन कंपनियों को अब कई तरह की सब्सिडी व प्रतिपूर्ति के लिए तय रकम दी जाएगी। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि यह लेटर आफ कंफर्ट औद्योगिक निवेश के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करने के प्रति हमारे प्रयासों को दर्शाते हैं। ऐसी बड़ी परियोजनाओं को साकार रूप देते हुए हमें आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। असल में पूर्वांचल में प्रयागराज, अमेठी व गोरखपुर में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां लग रही हैं तो प्रतापगढ़ व मिर्जापुर में मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट, वाराणसी व गोरखपुर में डेयरी यूनिट लगेगी। सुपर मेगा श्रेणी में सात परियोजनाओं में 6381 करोड़ रुपये, मेगा श्रेणी में 2649 करोड़ रुपये तथा बाकी परियोजनाएं वृहद श्रेणी में हैं।

### अमरनाथ यात्रा : अब तक 2.80 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए

**जम्मू , एजेंसी।** अमरनाथ यात्रा 2024 लगातार जारी है। पिछले 14 दिनों में 2.80 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा मंदिर में बाबा बर्फानी के दर्शन किए हैं। शनिवार को 4 हजार 669 यात्रियों का एक और जत्था घाटी के लिए रवाना हुआ। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता वाले श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के अधिकारियों ने कहा कि 29 जून को यात्रा शुरू होने के बाद से 2.80 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने यात्रा की है। शनिवार को 4,669 यात्रियों का एक और जत्था भगवती नगर यात्री निवास से दो सुरक्षा काफिलों में घाटी के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया, इनमें से 1,630 यात्री 74 वाहनों के सुरक्षा काफिले में उत्तरी कश्मीर के बालटाल बेस कैंप जा रहे हैं, वे सुबह 3:05 बजे जम्मू से रवाना हुए। 3,039 यात्रियों का एक और समूह 109 वाहनों के सुरक्षा काफिले में सुबह 3:57 बजे दक्षिण कश्मीर के नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। यह गुफा कश्मीर हिमालय में समुद्र तल से 3,888 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। भक्त या तो पारंपरिक दक्षिण कश्मीर पहलगाम मार्ग से या उत्तर कश्मीर बालटाल मार्ग से गुफा मंदिर तक पहुंचते हैं। श्रद्धालु या तो 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम गुफा मंदिर मार्ग से यात्रा करते हैं या फिर 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से यात्रा करते हैं। पहलगाम मार्ग का उपयोग करने वालों को गुफा मंदिर तक पहुंचने में चार से पांच दिन लगते हैं, जबकि बालटाल मार्ग का उपयोग करने वाले लोग गुफा मंदिर के अंदर दर्शन करने के बाद उसी दिन आधार शिविर लौट आते हैं। इस वर्ष की यात्रा 52 दिनों के बाद 29 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा और रक्षा बंधन त्योहार के साथ संपन्न होगी।

# उत्तराखंड में यूसीसी अक्टूबर में लागू होगा, सभी प्रावधान लागू होंगे

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड में रहने वाली जनजातियों के लिए समान नागरिक संहिता के प्रावधान पूरी तरह स्वैच्छिक होंगे, यदि जनजाति समाज का कोई व्यक्ति समान नागरिक संहिता के किसी प्रावधान को इस्तेमाल करना चाहता है तो कर सकता है। अलबत्ता, सभी धार्मिक अल्पसंख्यकों पर यूसीसी के सभी प्रावधान लागू होंगे।

समान नागरिक संहिता तैयार करने वाली विशेषज्ञ समिति ने शुक्रवार को चार खंडों वाली रिपोर्ट और समान नागरिक संहिता कानून को जन सामान्य के लिए उपलब्ध करा दिया है। बीजापुर गेस्ट हाउस में मीडिया के सामने रिपोर्ट जारी करते हुए कमेटी के सदस्य व पूर्व मुख्य सचिव शत्रुघ्न सिंह ने कहा कि कमेटी फरवरी में ही अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप चुकी है। प्रदेश सरकार इसी आधार पर समान नागरिक संहिता कानून भी बना चुकी है। लेकिन तब लोकसभा चुनावों की जल्दबाजी में कमेटी की मूल रिपोर्ट पब्लिक डोमेन में नहीं आ पाई थी। उन्होंने कहा कि अब कमेटी ने चार खंडों वाली रिपोर्ट और इसी आधार पर तैयार कानून को सरकारी बेवसाइट पर उपलब्ध करा दिया है, जिसे कोई भी देख सकता है। सिंह ने कहा कि जनजातियों को संविधान में मिले अधिकार के कारण यूसीसी से बाहर रखा गया है, इसलिए जनजातियों के लिए यूसीसी पूरी तरह स्वैच्छिक रहेगी। जनजाति व्यक्ति किसी भी धर्म का हो, वो यूसीसी के दायरे में आएगा। विदित है कि उत्तराखंड के देहरादून




के चकराता, चमोली के जोशीमठ, उत्तरकाशी के मोरी, भटवाड़ी, डुंडा, पिथौरागढ़ के धारचूला व मुनस्यारी और यूएसनगर के खटीमा क्षेत्र में काफी संख्या में जनजाति के लोग रहते हैं। जनजाति की तुलना मुस्लिम समाज से किए जाने पर उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज की तरफ से यूसीसी को लेकर दायर आपत्ति में मुख्य तौर पर धार्मिक कानूनों को ही सर्वोच्च मानने पर जोर दिया गया था, लेकिन कमेटी ने इसके बजाय सभी के लिए एक समान धर्मनिरपेक्ष कानून बनाने का निर्णय लिया। समान नागरिक संहिता के खास बिंदु शादी की उम्र - सभी धर्मों की लड़कियों के लिए विवाह की न्यूनतम उम्र 18 और लड़कों के लिए 21 निर्धारित की गई है। अभी कुछ धर्मों में इससे कम उम्र में लड़कियों की शादी हो जाती है। विवाह पंजीकरण - शादी के छह माह के भीतर अनिवार्य तौर पर सब रजिस्ट्रार के पास विवाह पंजीकरण कराना होगा, पंजीकरण नहीं कराने पर 25 हजार रुपए के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। तलाक - समान नागरिक संहिता में पति - पत्नी के लिए तलाक के कारण और आधार एक समान कर दिए गए हैं। अभी पति जिस आधार पर तलाक ले सकता है, उसी आधार पर अब पत्नी भी तलाक की मांग कर सकेगी। बहु विवाह - पति या पत्नी के रहते दूसरी शादी यानि बहु विवाह पर सख्ती से रोक रहेगी। विशेषज्ञों के मुताबिक अभी मुस्लिम पर्सनल लॉ में बहुविवाह करने की छूट है लेकिन अन्य धर्मों में एक पति-एक पत्नी का नियम बहुत कड़ाई से लागू है। उत्तराधिकार - उत्तराधिकार में लड़के और लड़कों को बराबर अधिकार प्रदान किया गया है। संहिता में सम्पत्ति को सम्पदा के रूप में परिभाषित करते हुए इसमें सभी तरह की चल- अचल, पैतृक सम्पत्ति को शामिल किया गया है। लिव इन में रहने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाना होगा, विवाहित पुरुष या महिला लिव इन में नहीं रह पाएंगे। इसके लिए जोड़ों को लिव इन में रहने की स्वघोषणा करनी पड़ेगी। लिव इन से पैदा होने वाले बच्चे को सम्पूर्ण अधिकार दिए गए हैं। अधिकार क्षेत्र - राज्य का स्थायी निवासी, राज्य या केंद्र सरकार के स्थायी कर्मचारी, राज्य में लागू सरकारी योजना के लाभार्थी पर लागू होगा। राज्य में न्यूनतम एक साल तक रहने वाले लोगों पर भी यह कानून लागू होगा। मख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बोले- यूसीसी अक्तूबर में लागू होगा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा समान नागरिक संहिता (यूसीसी) उत्तराखंड में अक्तूबर में लागू कर दिया जाएगा। कहना था कि यूसीसी महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। धामी ने कहा कि विधानसभा में नागरिक संहिता विधेयक पास होने के पीछे उत्तराखंड की जनता का आशीर्वाद है।

## राष्ट्रीय करणी सेना और राजपूत करणी सेना में विवाद, इनसाइड स्टोरी



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में राजपूत नेताओं में विवाद सुर्खियों में है। राष्ट्रीय करणी सेना के अध्यक्ष शिव सिंह शेखावत और श्री राजपूत सेना के महिपाल मकराना के बीच झड़प हुई। इस विवाद में महिपाल मकराना घायल हो गए। दोनों पक्ष एक-दूसरे पर गोलीबारी के आरोप लगाया है। इस मामले में पुलिस ने 4 आरोपियों को हिरासत में लिया है। बताया जाता है कि सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की मौत के बाद राष्ट्रीय करणी सेना पर अधिपत्य को लेकर शिव सिंह शेखावत और महिपाल मकराना के बीच विवाद हुई। जिसमें महिपाल मकराना घायल हो गए। महिपाल को इलाज के लिए प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज के भेजा गया है। शिव सिंह शेखावत का कहना है कि पहले राष्ट्रीय महामंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को महिपाल मकराना ने कहा था कि शिव सिंह शेखावत को ये कर दूंगा वो कर दूंगा। इसी बीच 9 जून को मुझे पाकिस्तान नंबर से धमकी मिली। जिसके बाद मैं घर से बाहर नहीं निकलता। इस बीच में इन्होंने राजपूत आदमी को चुना। क्योंकि राजपूत समाज का आदमी यहां आसानी से पहुंच सकता है। शिव सिंह शेखावत के मुताबिक हमारे कोर कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र सिंह बाढियावास का जन्मदिन था। जन्मदिन मनाकर हमलोग मुंबई के अध्यक्ष सुरजीत सिंह के साथ हमलोग सुशांत सिंह राजपूत की आवाज को उठाने की प्लानिंग कर रहे थे। इसी दौरान हमारे दफ्तर में चार लोग आए और बोले शिव सिंह शेखावत से मिलना है। राजपूत हैं तो कोई दिक्कत ही नहीं है। इस बीच महिपाल की पत्नी वर्षा ने मीडिया से बात की है। उन्होंने कहा कि इनको धोखे से बुलाकर मारा गया है। उन लोगों को पता था ये आदमी अकेला आएगा। उन्होंने पहले से 40 लोग इकट्?ठा कर रखे थे। इसलिए उन्हें बुरी तरीके से मारा है। महिपाल की पत्नी ने आगे कहा कि सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को भी इसी तरह धोखाधड़ी से मारा गया था।

## फिर गुड़ उत्पादन का हब बनेगा पूर्वांचल, किसानों को रास आने लगी गन्ने की खेती

**लखनऊ, एजेंसी।** पूर्वांचल में एक बार फिर से गुड़ उत्पादन का हब बनेगा। किसानों में गन्ने की खेती के प्रति रुझान बढ़ा है। यही वजह है कि आजमगढ़ समेत आसपास के पांच जनपदों में खेती का दायरा बढ़ गया है। पिछले साल के मुकाबले इस बार इन जनपदों में गन्ने का रकबा करीब 2700 हेक्टेयर बढ़ा है। पिछले साल 12500 हेक्टेयर में खेती हुई थी। इस साल 15200 हेक्टेयर में किसानों ने बुवाई की है। आजमगढ़ के साथ ही मऊ, गाजीपुर, जौनपुर और वाराणसी के किसान आजमगढ़ के सठियांव चीनी मिल को गन्ना की आपूर्ति करेंगे। मिल में गन्ना आपूर्ति के लिए परिक्षेत्र के पांच जनपदों में हर साल गन्ना बुवाई का सर्वेक्षण कराया जाता है। इसके लिए गन्ना सुपरवाइजर के नेतृत्व टीमों का गठन किया गया था। टीमों ने किसानों के खेत में जाकर जीपीएस सर्वे किया। प्लाट पर जाकर उसका क्षेत्रफल, गन्ना की बुवाई और देखरेख समेत सभी पहलुओं की जांच कर किसानों को पर्ची दी। यह सर्वेक्षण आजमगढ़ सहित मऊ, गाजीपुर, जौनपुर और वारणसी में किया गया। हाल के वर्षों में यह पहला मौका है जब इतने बड़े पैमाने पर गन्ने की बुवाई हुई है। पिछले तीन वर्षों का आंकड़ा देखा जाए तो इस बार सबसे अधिक क्षेत्रफल में गन्ना की फसल की बुवाई हुई है। 2024-25 में 15200 हेक्टेयर में गन्ना लगा है। पेराई सत्र 2023-24 में 12500 हेक्टेयर तथा पेराई सत्र 2022-23 में 10300 सौ हेक्टेयर में गन्ना की फसल की बुवाई हुई थी।

# हरियाणा में सरपंचों को अब 5000 रुपये मिलेगा मानदेय, पंचों की भी सैलरी बढ़ी

**चंडीगढ़, एजेंसी।** विधानसभा चुनाव से पहले हरियाणा सरकार ताबड़तोड़ घोषणाएं कर रही है। सरपंचों को 21 लाख तक ई-टेंडरिंग के बिना विकास कार्य करवाने की छूट के साथ अब मानदेय को लेकर नायब सरकार ने बड़ी घोषणा की है। पूर्व सरपंचों को भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पेंशन देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सरपंचों की मांग गंभीरता से लेते हुए उनका मानदेय बढ़ा दिया है। यही नहीं निकायों के प्रतिनिधियों के लिए भी मानदेय और पेंशन की घोषणा की है। सीएम ने कहा कि 4 जून 2019 से भूतपूर्व सरपंचों को 1500 रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जाएगी। इसके अलावा, सरपंचों का मानदेय डेढ़ गुना बढ़ा दिया गया है। अब सरपंचों का मानदेय 3000 से बढ़कर 5000 रुपये हो गया है। इसके पंचों का मानदेय 600 से बढ़ाकर 1600 रुपये कर दिया है। वहीं, निकायों के प्रतिनिधियों को सीएम सैनी ने सौगात दी है। अब से जिला परिषद के अध्यक्षों की पेंशन 2000 से बढ़ाकर 3000 रुपये कर दिया है। उपाध्यक्षों के को 1500 रुपये मिलेगा। इसके अलावा पंचायत समिति के अध्यक्षों को 2250 रुपये प्रति माह मिलेगा। पंचकूला में आयोजित पंचायत सम्मेलन में मुख्यमंत्री सैनी ने यह घोषणा की।

50 प्रतिशत फंड बिना ई-टेंडर के खर्च करने की शर्त हटाई

प्रदेश सरकार ने सरपंचों की एक और मांग मान ली है। सीएम नायब सिंह सैनी ने पिछले दिनों पूर्व सीएम मनोहर लाल का फैसला पलटते हुए सरपंचों को बिना ई-टेंडर 21 लाख रुपये तक के विकास कार्य कराने की छूट दी थी। हालांकि, 50 प्रतिशत फंड ही बिना ई-टेंडर के खर्च करने की शर्त से सरपंच नाराज थे। अब उसे भी हटा दिया गया है। अब अगर किसी ग्राम पंचायत का फंड 30 लाख रुपये है तो सरपंच



21 लाख रुपये के काम बिना ई-टेंडर करा सकेंगे। एसोसिएशन के राज्य अध्यक्ष रणबीर समैण ने कहा कि सरकार की ओर से शर्त हटाए जाने का हम स्वागत करते हैं, लेकिन अभी काफी मांगें बाकी हैं। ग्राम पंचायतों को सभी 29 अधिकार दिए जाएं, जिसमें पार्क-भवन निर्माण, विधायकों का हस्तक्षेप हटाना आदि शामिल हैं। उसमें कुल फंड का बिना ई-टेंडर 50 प्रतिशत खर्च करने की शर्त थी। अब विभाग के आयुक्त अमित अग्रवाल ने शर्त वापस लेने के संशोधित आदेश जारी किए हैं।

**शहरी और ग्रामीण विकास के लिए 2400 करोड़ रुपये होंगे खर्च :** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सम्मेलन में करोड़ों रुपये की घोषणा की। उन्होंने कहा कि शहरी और ग्रामीण विकास के लिए सरकार 2400 करोड़ रुपये खर्च करेगी। दलित और पिछड़े वर्ग चौपालों की मरम्मत और रखरखाव पर 118 करोड़ रुपये खर्च होंगे। राज्य वित्त आयोग की तरफ से भी ग्रामीण विकास पर 429 करोड रुपये खर्च किए जाएंगे। सीएम सैनी ने कहा कि सरपंच ग्राम के विकास की धुरी होते हैं और गांव के विकास के लिए जन समस्याओं का समाधान जरूरी है। इन पैसों से गांव में गलियां पक्की, फिरनी, चौपालों की मरम्मत की जाएगी। ताकि जनता को ज्यादा से ज्यादा सहूलियत मिले। आज के सम्मेलन में सरपंचों ने अपने मानदेय बढ़ाने की बात की थी। सरकार ने इसमें बढ़ाकर डेढ़ गुना कर दिया है। मगर, सरपंच ज्यादा बढ़ाने की मांग कर रहे थे। उन्हें बुलाकर दोबारा बात की जाएगी। बीजेपी सरकार बिना भेदभाव के काम करेगी।

**कांग्रेस में बापू-बेटा ही बचे :** कांग्रेस के बीजेपी सरकार से हरियाणा मांगे हिसाब मुहिम पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पलटवार करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, जो चार सीट लिए हुए हैं, उनको यह भी बताना चाहिए कि उनके 2 कार्यकाल में जो मेनिफेस्टो बनाए गए थे, उनमें से कितनी घोषणाएं और वादे पूरे किए गए। भूपेंद्र हुड्डा इस पर कभी कुछ नहीं बोलते। हुड्डा सरकारी नौकरियों में भ्रष्टाचार की बात कर रहे थे। लेकिन, उन्होंने यह नहीं बताया कि बीजेपी ने बिना पर्ची और खर्ची के कितनी नौकरियां दी हैं। हुड्डा लोगों को झूठ बोलकर गुमराह करने का काम करते हैं।

## अगर हम वही करते रहेंगे जो कांग्रेस करती थी तो हमारे सत्ता में आने का कोई मतलब नहीं: नितिन गडकरी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अलग सोच वाली पार्टी है और इसलिए वह बार-बार जनता का विश्वास जीत रही है। साथ ही उन्होंने पार्टी को अतीत में कांग्रेस द्वारा की गई उन गलतियों को दोहराने से बचने को लेकर आगाह किया जिनकी वजह से उसे (कांग्रेस को) सत्ता से बाहर होना पड़ा। लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बहुमत प्राप्त नहीं कर पाने के करीब एक महीने बाद गडकरी ने कहा, अगर हम वही करते रहेंगे जो कांग्रेस करती थी, तो उनके (सत्ता से) जाने और हमारे आने का कोई मतलब नहीं है।

साथ ही गडकरी ने जाति आधारित राजनीति के चलन की आलोचना की और कहा जो करेगा जात की बात उसे पड़ेगी कसके लात। गडकरी पणजी के निकट भाजपा की गोवा कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष सदानंद तनावडे और मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत सहित अन्य नेता शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री ने अपने 40 मिनट



के भाषण में अपने गुरु और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी की उस टिप्पणी कि भाजपा एक अलग सोच वाली पार्टी है का उल्लेख किया। भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा, आडवाणी जी कहा करते थे कि हम एक अलग सोच वाली पार्टी हैं। हमें यह समझना होगा कि हम अन्य पार्टियों से कितने भिन्न हैं। नागपुर से लोकसभा सदस्य ने कहा कि कांग्रेस की गलतियों के कारण जनता ने भाजपा को चुना। साथ ही उन्होंने अपनी पार्टी को वही गलतियां करने से बचने को लेकर आगाह किया। गडकरी ने कहा, अगर हम वही गलतियां करते हैं तो उनके जाने और हमारे आने का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा, इसलिए, आने वाले दिनों में पार्टी कार्यकर्ताओं को यह पता होना चाहिए कि राजनीति सामाजिक और आर्थिक सुधार लाने का एक साधन है। गडकरी ने जोर देकर कहा, हमें (भाजपा को) भ्रष्टाचार मुक्त देश बनाना है और इसके लिए हमारे पास एक योजना होनी चाहिए। महाराष्ट्र की राजनीति का जिक्र करते हुए गडकरी ने तर्क दिया कि उनके गृह राज्य में जाति के आधार पर राजनीति करने का चलन है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, मैंने इस चलन का अनुसरण नहीं करने का निर्णय किया है। मैंने लोगों से कहा है कि मैं जाति-आधारित राजनीति में नहीं पड़ूंगा। जो करेगा जात की बात, उसे पड़ेगी कसके लात। गडकरी ने कहा कि एक व्यक्ति की पहचान उसके मूल्यों से होती है न कि उसकी जाति से। भाजपा की गोवा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गडकरी ने बैठक में शामिल होने वाले सभी नेताओं से हर निर्वाचन क्षेत्र का दौरा करने और संगठन को मजबूत बनाने का आग्रह किया।

## राजस्थान में 3 लाख सरकारी कर्मचारियों पर लटकी तलवार, भजनलाल सरकार ने लिया कड़ा फैसला

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में फर्जी दस्तावेजों के जरिए नौकरी पाने के मामले सामने आने के बाद करीब 3 लाख कर्मचारियों की नियुक्ति सवालों के घेरे में आ गई है। राज्य की भजन लाल शर्मा के नेतृत्व वाली सरकार ने इस संबंध में कड़ा फैसला फैसला लिया है। राजस्थान सरकार ने फर्जी डिग्री रैकेट का खुलासा होने के बाद पिछले पांच वर्षों में भर्ती किए गए तीन लाख राज्य कर्मचारियों की नियुक्ति प्रक्रियाओं की जांच करने का फैसला किया है। इन 3 लाख सरकारी कर्मचारियों की डिग्रियों की भी जांच की जाएगी। फर्जी दस्तावेजों के जरिए नौकरी पाने के मामले सामने आने के बाद भजन लाल शर्मा के नेतृत्व वाली सरकार ने यह फैसला लिया है। सरकार को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित धोखाधड़ी की गतिविधियों की सूचना मिली है। ऐसी भी खबरें आई हैं कि डमी उम्मीदवारों का उपयोग करके सैकड़ों लोगों को आदिवासियों के लिए आरक्षित नौकरियां मिलीं, जिनके लिए कट-ऑफ तुलनात्मक रूप से कम है। सरकारी आदेश में कहा गया है कि प्रत्येक विभाग को एक आंतरिक समिति बनाकर जांच करने के लिए कहा गया है। समिति इस बात का पता लगाएगी कि परीक्षा देने वाला और नौकरी करने वाला व्यक्ति एक ही है कि नहीं। समिति पिछले पांच वर्षों में भर्ती किए गए कर्मचारियों की जांच करेगी। पीटीआई भर्ती परीक्षा आयोजित करने वाले राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड



द्वारा सफल उम्मीदवारों के प्रमाणपत्रों की जांच के बाद फर्जी डिग्री के रैकेट का खुलासा हुआ है। इनमें से 60 प्रमाणपत्र चूरू के ओम प्रकाश जोगेंदर सिंह (ओपीजेएस) विश्वविद्यालय द्वारा जारी किए गए थे। राजस्थान पुलिस ने हाल ही में विश्वविद्यालय पर छापा मारा था। पुलिस ने पाया कि यह विश्वविद्यालय कथित तौर पर फर्जी और पिछली तारीख की डिग्रियां जारी कर रहा था। विश्वविद्यालय में केवल सात लोग स्टाफ के रूप में काम कर रहे थे।

जांच में पता चला कि ओपीजेएस यूनिवर्सिटी ने अब तक 43000 फर्जी डिग्रियां बांटी हैं। जम्मू-कश्मीर और दक्षिणी राज्यों से बड़ी संख्या में छात्रों को ऐसी फर्जी डिग्रियां मिली हैं। 5 जुलाई को विश्वविद्यालय के संस्थापक-मालिक जोगिंदर सिंह दलाल, पूर्व अध्यक्ष सरिता करवासरा और पूर्व रजिस्ट्रार जितेंद्र यादव को इस रैकेट में उनकी कथित भूमिका के लिए गिरफ्तार किया गया था।

# वेतन देने के भी पैसे नहीं, हिमाचल सरकार ने खास लोगों के लिए बंद की मुफ्त बिजली योजना

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में पिछली भाजपा सरकार में शुरू हुई 125 यूनिट मुफ्त बिजली योजना को कांग्रेस की सुक्खू सरकार ने संपन्न वर्ग के लिए बंद कर दिया है। तीन सीटों पर विधानसभा उपचुनाव के नतीजों से एक दिन पहले सुक्खू सरकार ने कैबिनेट बैठक बुलाकर 125 यूनिट मुफ्त बिजली योजना पर कई बंदिशे लगा दीं। साथ ही सम्पन्न वर्ग को इस योजना से बाहर कर दिया गया है। इसके पीछे राज्य की आर्थिक स्थिति का हवाला दिया गया है। मुख्यमंत्री सुक्खू की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित कैबिनेट बैठक में फैसला लिया गया कि मुख्यमंत्री/पूर्व मुख्यमंत्रियों, विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्रियों, पूर्व मंत्रियों, सांसदों, पूर्व सांसदों, विधायकों, पूर्व विधायकों, बोर्डों के अध्यक्षों/सलाहकारों, ओएसडी, सरकार/निगमों/बोर्डों के सभी वर्ग-1 और वर्ग-2 के कर्मचारियों जिनमें आईएएस अधिकारी, आईपीएस अधिकारी, एचपीएस अधिकारी, एचएएस अधिकारी, वन अधिकारी, न्यायिक अधिकारी आदि शामिल हैं, सभी सरकारी वर्ग ए और वर्ग बी ठेकेदारों और सभी आयकर दाताओं को मुफ्त बिजली योजना का लाभ नहीं मिलेगा। हालांकि इस श्रेणी में न आने वाले आम लोगों के लिए इस योजना को जारी रखा गया है। कैबिनेट ने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए फ्री बिजली बिल



के प्रावधानों को तर्कसंगत बनाने के लिए सब्सिडी को एक परिवार एक मीटर तक सीमित करने और बिजली कनेक्शन को राशन कार्ड (आधार से जुड़े) के साथ जोड़ने का निर्णय लिया है। यानी एक पात्र परिवार को एक मीटर पर ही फ्री बिजली योजना मिलेगी। उद्योग व संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने मीडिया से बातचीत में कहा कि राज्य सरकार के इस फैसले का आम परिवारों के लोगों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। सिर्फ आयकर देने वालों को ही मुफ्त बिजली के दायरे से बाहर किया गया है। उन्होंने कहा कि इससे पहले की जयराम ठाकुर के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने सत्ता से बाहर जाने से पहले 125 यूनिट बिजली का देने की शुरुआत की थी। इसका बोझ पूर्व भाजपा सरकार की जगह मौजूदा कांग्रेस की सरकार पर पड़ा। चौहान ने कहा कि मौजूदा वक्त में बिजली बोर्ड बेहद खराब वित्तीय स्थिति से जूझ रहा है। बिजली बोर्ड के कर्मचारियों का वेतन देने तक के लिए भी धन उपलब्ध नहीं है। ऐसे में इस फैसले के जरिए वित्तीय स्थिति सुधारने की कोशिश की गई है। बता दें कि सताधारी कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव से पहले हर घरेलू उपभोक्ताओं को 300 यूनिट तक मुक्त बिजली देने का वादा किया था। लेकिन अब तक यह वादा पूरा नहीं हो सका है।

विंबलडनः 2024

## मुसेट्टी को हराकर फाइनल में पहुंचे जोकोविच, 14 को होगा अल्काराज से सामना



**नई दिल्ली,एजेंसी।** सर्बियाई खिलाड़ी अपना दसवां विंबलडन फाइनल और 37वां ग्रैंड स्लैम फाइनल खेलेंगे। 14 जुलाई को उनका सामना अल्काराज से होगा, जिन्होंने पहले सेमीफाइनल में जीत दर्ज की। नोवाक जोकोविच ने लोरेंजो मुसेट्टी को हराकर विंबलडन 2024 के पुरुष एकल के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। मुसेट्टी ने दिग्गज खिलाड़ी के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और अंत तक संघर्ष किया। हालांकि, जोकोविच करीबी मुकाबलों के बावजूद सेट जीतने में कामयाब रहे। अब सर्बियाई खिलाड़ी अपना दसवां विंबलडन फाइनल और 37वां ग्रैंड स्लैम फाइनल खेलेंगे। 14 जुलाई को उनका सामना अल्काराज से होगा, जिन्होंने पहले सेमीफाइनल में जीत दर्ज की।

## सुपरयूनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज़ शतरंजः गुकेश नें मकसीम को हराया



**जागरेब , क्रोसिया, एजेंसी।** ग्रांड चैस टूर के तीसरे पड़ाव सुपरयूनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज़ शतरंज के दूसरे दिन भी रैपिड के मुक़ाबले खेले गए , पहले दिन जीत दर्ज नहीं कर पाने वाले भारत के डी गुकेश नें दूसरे दिन की शुरुआत पहले दिन के बाद सबसे आगे चल रहे फ्रांस के मकसीम लागरेव को मात देकर की , काले मोहरो से खेलते हुए गुकेश नें सिसिलियन ओपनिंग में बेहद रचनात्मक खेल दिखाया , बड़ी बात यह रही की गुकेश नें खेल के अंतिम पड़ाव में कुछ सेकंड होने के बाद भी अच्छी चालें चली और 43 चालों में जीत दर्ज की । इसके बाद अगले राउंड में उन्होने हमवतन विदित गुजराती से ड्रॉ खेला , वहीं विदित को इससे पहले लगातार चार राउंड में पराजय का सामना करना पड़ा था , विदित को चौंथे राउंड में यूएसए के वेसली सो नें पराजित किया । फिलहाल पाँच राउंड के बाद यूएसए के फबियानों करूआना 8 अंक बनाकर सबसे आगे चल रहे है , उनके बाद यूएसए के ही वेसली सो 7 अंक , रूस के यान नेपोमनिशी , फ्रांस के मकसीम लागरेव और अलीरेजा फिरौजा 6 अंक , गुकेश ,5 अंक , यूएसए के लेवान अरोनियन और नीदरलैंड के अनीश गिरि 4 अंक , मेजबान देश के इवान सरिक 1.5 और भारत के विदित गुजराती 1 अंक बनाकर खेल रहे है ।

खुशखबरी!

# भारत VS पाकिस्तान महामुकाबले में दर्शकों की होगी फ्री एंट्री



**कोलंबो, एजेंसी।** क्रिकेट जगत में भारत बनाम पाकिस्तान का मुकाबला सबसे बड़ा मुकाबला माना जाता है. इन दो चिर-प्रतिद्वंद्वियों के बीच होने वाले मैच कई हमेशा टिकटें पहले ही बिक जाती हैं. भारत और पाकिस्तान की टीमें इसी महीने यानी के 19 जुलाई को एक बार फिर से आमने-सामने होने वाली है.

दोनों टीमों के बीच इस महामुकाबले को लेकर अब श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने एक बड़ा ऐलान किया है. हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम टी20 एशिया कप के उद्घाटन मुकाबले में 19 जुलाई को दांबुला में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी. भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका के अलावा थाईलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, नेपाल और मलेशिया की टीम भी टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी. श्रीलंका क्रिकेट ने घोषणा की है कि इन सभी मैचों को दर्शक फ्री में देख पाएंगे यानी स्टेडियम में एंट्री के लिए फैंस को किसी भी तरह का टिकट नहीं लेना होगा. एसएलसी के इस कदम की अब सराहना हो रही है. टूर्नामेंट में कुल 15 मैच खेले जाएंगे, जिनमें दोनों सेमीफाइनल और फाइनल भी शामिल हैं. भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका के अलावा टूर्नामेंट में थाईलैंड, यूएई, नेपाल और मलेशिया की टीम भी शिरकत करेंगी. भारत को ग्रुप ए में पाकिस्तान, यूएई और नेपाल के साथ रखा गया है, जबकि ग्रुप बी में बांग्लादेश, श्रीलंका, मलेशिया और थाईलैंड शामिल हैं.

इस टूर्नामेंट में कुल 15 मैच खेले जाएंगे, जिनमें दो सेमीफाइनल और फाइनल शामिल हैं. मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया है, सभी मैचों का अंतरराष्ट्रीय प्लेटफार्मों पर सीधा प्रसारण किया जाएगा और स्टेडियम को मैट देखने के लिए जनता के लिए मुफ्त में खुला रखा जाएगा.

एसएलसी और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) की कार्यकारी समिति ने संयुक्त रूप से रविन विक्रमरत्ने को टूर्नामेंट निदेशक नियुक्त किया है. विक्रमरत्ने, जो श्रीलंका क्रिकेट के उपाध्यक्ष भी हैं, ने कहा, श्रीलंका क्रिकेट, एशियाई क्रिकेट परिषद के सहयोग से, एक बेहद सफल टूर्नामेंट आयोजित करने की योजना बना रहा है, क्योंकि इस टूर्नामेंट के सफल परिणाम से वर्ल्ड लेवल पर महिला क्रिकेट को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी.

## झूलन गोस्वामी को विदेशी टी20 लीग में मिली बड़ी जिम्मेदारी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** विमेंस कैरेबियन प्रीमियर लीग के आगामी सीजन की शुरुआत 21 अगस्त से होगी जिसमें फाइनल सहित कुल 7 मैच खेले जाएंगे। इस महिला टी20 लीग में खेलने वाली त्रिनबागो नाइट राइडर्स की टीम ने बड़ा ऐलान करते हुए दिग्गज पूर्व भारतीय महिला खिलाड़ी झूलन गोस्वामी को अपनी टीम का मेंटर बनाने का ऐलान किया है। झूलन ने इंटरनेशनल क्रिकेट को साल 2022 में अलविदा कहने के बाद महिला प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस के लिए गेंदबाजी कोच और मेंटर की जिम्मेदारी संभाली थी। इसमें पहले सीजन में जहां टीम ने खिताब को अपने नाम किया था तो दूसरे सीजन टीम का प्रदर्शन काफी खराब देखने को मिला था।

## कपिल देव करेंगे पेंशन दान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत को अपनी कप्तानी में विश्व कर जिताने वाले पूर्व दिग्गज खिलाड़ी कपिल देव ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से खास अपील की है।



दरअसल, भारतीय टीम के पूर्व खिलाड़ी और कोच अंशुमान गायकवाड़ ब्लड कैंसर से जूझ रहे हैं। 71 वर्षीय गायकवाड़ का लंदन के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है और कपिल ने बोर्ड से उनकी मदद करने की अपील की है। कपिल ने खुलासा करते हुए बताया कि टीम के उनके पूर्व साथी मोहिंदर अमरनाथ, सुनील गावस्कर, संदीप पाटिल, दिलीप वेंगसरकर, मदन लाल, रवि शास्त्री और कीर्ति आजाद गायकवाड़ के इलाज के लिए फंड जुटाने को लेकर अपना पूरा प्रयास कर रहे हैं। कपिल ने कहा कि उन्हें भरोसा है बीसीसीआई इस मामले को देखेगा और भारतीय टीम के कोच रह चुके गायकवाड़ को वित्तीय मदद देगा।



इंग्लैंड- वेस्टइंडीज टेस्ट

# इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 114 रनों से हराया

### 41 साल के एंडरसन ने क्रिकेट को कहा अलविदा



**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को लॉर्ड्स में पहले टेस्ट मैच में शुक्रवार को तीसरे ही दिन पारी और 114 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ इंग्लिश टीम ने अपने महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को यादगार विदाई दी। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच लॉर्ड्स में खेला गया। टॉस जीतकर इंग्लैंड ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की पारी मात्र 121 रन पर सिमट गई। जवाब में इंग्लिश टीम ने 371 रन बनाए। इंग्लैंड की तरफ से जो रुट, हैरी ब्रूक और जेमी स्मिथ ने अर्धशतक जड़े। वेस्टइंडीज की तरफ से जेडेन सील्स ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। उनके अलावा गुडाकेश मोती और जेसन होल्डर को 2-2 विकेट मिले। पहली पारी में इंग्लैंड ने 250 रन की बढ़त हासिल की जिसे उतारने उतरी वेस्टइंडीज की टीम के बल्लेबाज एक बार फिर फ्लॉप साबित हुए। वेस्टइंडीज की पूरी टीम दूसरी पारी में 136 रन पर पवेलियन लौट गई।

इंग्लैंड की जीत के हीरो तेज गेंदबाज गस एटकिंसन रहे। अपना डेब्यू टेस्ट मैच खेलने उतरे एटकिंसन ने पहली पारी में सात और दूसरी पारी में पांच विकेट चटकाए। वहीं, अपना आखिरी मैच खेल रहे जेम्स एंडरसन ने कुल 4 विकेट लिए। बता दें, तीसरे दिन के खेल की शुरुआत से पहले जेम्स एंडरसन को साथी खिलाड़ियों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

## पाकिस्तान क्रिकेट में उठापटक के बीच यूसुफ और शफीक ने बरकरार रखी अपनी जगह

**कराची, एजेंसी।** टी20 विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान क्रिकेट में उठापटक मची हुई है। टीम से लेकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) में इस हार के बाद हाहाकार मचा है। इस बीच, पीसीबी ने मोहम्मद यूसुफ और असद शफीक जैसे पूर्व खिलाड़ियों को नई चयन समिति में बरकरार रखा है। ये समिति अगले महीने बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए टीमों का चयन करेगी।

### वहाब रियाज और अब्दुल रज्जाक को किया था बर्खास्त

पीसीबी ने टी20 विश्व कप में टीम के पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाने के बाद वहाब रियाज और अब्दुल रज्जाक को बर्खास्त कर दिया था, लेकिन हैरानी की बात है कि यूसुफ और शफीक को बरकरार रखा गया है। यूसुफ पाकिस्तान टीम के बल्लेबाजी कोच भी थे, जबकि वहाब ने आयरलैंड, इंग्लैंड और विश्व कप के दौरे पर सीनियर टीम मैनेजर के रूप में भी काम किया था। यूसुफ और शफीक पिछली चयन समिति के सदस्य थे जिसने टी20 विश्व कप टीम का चयन किया था। नई समिति में लाल और सफेद गेंद वाली टीमों के कप्तान और मुख्य कोच भी शामिल होंगे। यूसुफ और शफीक सहित सभी सदस्यों के पास वोट देने और निर्णय लेने का



अधिकार होगा।

### मसूद को टेस्ट कप्तान बरकरार रखने का लिया था फैसला

पीसीबी और टेस्ट टीम के कोच जेसन गिलेस्पी ने व्यस्त अंतरराष्ट्रीय सत्र से पहले राष्ट्रीय टीम के टेस्ट कप्तान के रूप में शान मसूद पर भरोसा जताया और टेस्ट कप्तान बरकरार रखा था।

## जिम्बाब्वे दौरे पर एक और भारतीय सूरमा का सपना साकार, टीम इंडिया के लिए मिला डेब्यू का मौका

**हरारे, एजेंसी।** भारतीय टीम और जिम्बाब्वे के बीच आज यानी 13 जुलाई को चौथा टी20 मुकाबला खेला गया। इस मुकाबले में भारत के लिए तुषार देशपांडे ने डेब्यू किया। उन्होंने आईपीएल में सबको काफी प्रभावित किया है।



भारतीय क्रिकेट टीम इस वक्त 5 मैच की टी20 सीरीज के लिए जिम्बाब्वे का दौरा कर रही है। पूरी नई टीम इस दौरे पर गई है। शुभमन गिल जिम्बाब्वे में भारत की कप्तानी कर रहे हैं। वहीं हरारे स्पोर्ट्स क्लब में 13 जुलाई को भारत और जिम्बाब्वे के बीच सीरीज का चौथा मुकाबला खेला गया। इस मैच में तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे ने भारत के लिए डेब्यू किया है।

तुषार को इस सीरीज में पहली बार टीम इंडिया से कॉल आया था। उनका आईपीएल 2023 और 2024 दोनों ही सीजन कमाल के रहे। उसके बाद आखिरकार उन्हें टीम इंडिया के लिए डेब्यू करने का मौका मिला।

## पिता सिक्योरिटी गार्ड और मां क्लीनर...

# अब बेटी ओलिंपिक में देश का नाम करने जा रही रोशन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलिंपिक 2024 के लिए भारतीय दल का ऐलान हो गया है। नीरज चोपड़ा समेत तमाम भारतीय एथलीट ओलिंपिक खेलों में भाग ले रहे हैं। उसमें से एक भारत की ट्रैक और फील्ड एथलीट ज्योति याराजी भी हैं।

ज्योति याराजी (जन्म 28 अगस्त 1999) आंध्र प्रदेश की एक भारतीय ट्रैक और फील्ड एथलीट हैं। वह 100 मीटर बाधा दौड़ में माहिर हैं और भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड रखती हैं। उन्होंने 10 मई 2022 को 13.23 सिकेंड के साथ अनुराधा बिस्वाल का लंबे समय से चला आ रहा रिकॉर्ड तोड़ दिया। तब से उन्होंने कई बार यह रिकॉर्ड तोड़ा है। ज्योति आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम की रहने वाली हैं। उनके पिता




सूर्यनारायण एक सिक्योरिटी गार्ड हैं और उनकी मां कुमारी घरेलू सहायक के रूप में काम करती हैं। वो पार्ट टाइम सिटी हॉस्पिटल में क्लीनर के रूप में काम करती हैं। ज्योति ने अपनी स्कूली शिक्षा विशाखापत्तनम पुराने शहर के पोर्ट हाई स्कूल में की।

उन्होंने अपनी शिक्षा आचार्य नागार्जुन विश्वविद्यालय से संबद्ध एक कॉलेज में की। बाद में वह हैदराबाद में भारतीय खेल प्राधिकरण के छात्रावास में शामिल हो गई और कोच ओलिंपियन एन रमेश के तहत दो साल तक ट्रेनिंग की। जिन्हें द्रोणाचार्य पुरस्कार भी मिला। बाद में वह उत्कृष्टता केंद्र में शामिल होने के लिए गुंटूर चली गई। 2019 से, वह भुवनेश्वर में रिलायंस एथलेटिक्स हाई-परफॉर्मेंस सेंटर में ब्रिटिश कोच जेम्स हिलियर के तहत ट्रेनिंग की। ज्योति के करियर का मुख्य आकर्षण तब आया जब उन्होंने चीन के हांगझोउ में 2022 के एशियाई खेलों में 100 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीता।

शुरू में उन्हें एक चीनी एथलीट के साथ गलत शुरुआत के लिए डिस्क्वालीफाई घोषित कर दिया गया था। लेकिन बाद में उन्हें शुरुआत करने की अनुमति दी गई। अंत में एक रिव्यू के बाद, चीनी एथलीट वू यन्नी को डिस्क्वालीफाई कर दिया गया और भारतीय को रजत पदक के लिए प्रमोट किया गया। 2023 की शुरुआत में, उन्होंने अस्तानैन कजाकिस्तान में 2023 एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत जीतने के अलावा, पांच बार इनडोर 60 मीटर बाधा दौड़ के लिए राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा।

# किसानों को डीएपी के स्थान पर एनपीके के उपयोग की सलाह

रीवा

जिले के कृषकों को सलाह दी गई है कि वह डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरकों का प्रयोग करें। कृषि वैज्ञानिकों ने अपनी सलाह में कहा है कि डीएपी में केवल दो तत्व नाइट्रोजन व फास्फोरस प्राप्त होते हैं। जबकि एनपीके उर्वरक से फसलों के लिए आवश्यक सभी तीन मुख्य पोषक तत्वों नत्रजन, स्फुर एवं पोटाश की उपलब्धता होती हैं। इस प्रकार एनपीके उर्वरक से नत्रजन एवं स्फुर के अलावा पौधों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण तत्व पोटाश की पूर्ति किसान भाई सफलतापूर्वक कर सकते हैं। अत- एनपीके उर्वरक का प्रयोग करने पर किसान भाईयों को अलग से पोटाश डालने की जरूरत नहीं पड़ती है व लागत में कमी आती है। उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने किसान भाईयों के लिए डीएपी के स्थान पर एनपीके खाद का उपयोग करने की सलाह दी है।

उप संचालक ने कहा है कि फसलों में उर्वरकों का संतुलित उपयोग लाभदायक होता है। डीएपी के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट और एनपीके का उपयोग अधिक लाभदायी है। इससे जमीन को सल्फर की प्राप्ति होती है। सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग खेत की तैयारी के समय किया जाता है। जिससे यह फसलों में अधिक कारगर रहता है। डीएपी में उपलब्ध 18 प्रतिशत नाइट्रोजन में से केवल 15 प्रतिशत नाइट्रोजन तथा 46 प्रतिशत फास्फोरस में से 39 प्रतिशत फास्फोरस पानी में घुलकर मिट्टी को प्राप्त होता है। शेष फास्फोरस मिट्टी में जमा हो जाता है जिससे मिट्टी कठोर हो जाती है। इसकी जल धारण क्षमता घटती है। उप संचालक ने बताया है कि आगामी फसल में शंकर धान एवं शंकर मक्का के लिए नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश एनपीके खाद का उपयोग अधिक लाभकारी होगा। दलहन एवं तिलहन फसलों में 80-40-30 एनपीके तथा सल्फर का उपयोग लाभदायी होगा। उप संचालक ने बताया है कि किसान नैनो तकनीक पर आधारित खाद का भी उपयोग कर सकते हैं। फसलों के लिए 20 प्रतिशत नाइट्रोजन से युक्त नैनो यूरिया तथा 8 प्रतिशत नाइट्रोजन एवं 16 प्रतिशत फास्फोरस से युक्त नैनो डीएपी उपलब्ध है। इनके निर्धारित मात्रा में उपयोग से फसलों को संतुलित मात्रा में पोषक तत्व प्राप्त होते हैं। सामान्य तौर पर एक स्वस्थ पौधे में नाइट्रोजन की मात्रा 1.5 से 4 प्रतिशत तक होती है। फसलों की बढ़वार की स्थिति में इनमें नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का पत्तियों में छिड़काव करने से पौधों को कारगर तरीके से नाइट्रोजन और फास्फोरस की उपलब्धता हो जाती है। इनके उपयोग से पैदावार में वृद्धि होती है तथा मिट्टी के स्वास्थ्य में भी सुधार होता है। नैनो यूरिया की 500 मिलीलीटर की बोतल 225 रुपए में तथा नैनो डीएपी की 500 मिलीलीटर की बोतल 600 रुपए में मिल रही है। इसकी कीमत एक बोरी खाद से लगभग आधी है। जबकि इसका असर एक बोरी खाद से भी अधिक है। इसलिए नैनो यूरिया और नैनो डीएपी का उपयोग किसानों के लिए अधिक लाभकारी है।

## उप-मुख्यमंत्री ने राज्यमंत्री पवार का कुशल-क्षेम लिया



रीवा

उप-मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने बंसल अस्पताल भोपाल में मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विभाग राज्यमंत्री श्री नारायण सिंह पवार से भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने चिकित्सकों से राज्यमंत्री श्री पवार के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की एवं उनके शीघ्र पूर्णत: स्वस्थ होने की शुभेच्छा व्यक्त की।

# उप मुख्यमंत्री आज करेंगे पीएम श्री कालेज का शुभारंभ

**रीवा।** शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय को पीएम श्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में उन्नयन किया गया है। उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल 14 जुलाई को दोपहर 1.30 बजे से आयोजित समारोह में महाविद्यालय का विधिवत शुभारंभ करेंगे। समारोह की अध्यक्षता अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ आरपी सिंह करेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद श्री जनार्दन मिश्र, विधायक गुढ़ श्री नागेन्द्र सिंह, विधायक सिरमौर श्री दिव्यराज सिंह, विधायक सेमरिया श्री अभय मिश्रा, विधायक मनगवां श्री नरेन्द्र प्रजापति तथा विधायक त्योंथर श्री सिद्धार्थ तिवारी शामिल होंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि




के रूप में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल तथा महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री प्रबोध व्यास भी उपस्थित रहेंगे। समारोह शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय के नवीन सभागार में आयोजित किया जा रहा है। समारोह में दोपहर 2.15 बजे से इंदौर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह का सजीव प्रसारण भी दिखाया जाएगा। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ आरती सक्सेना ने सभी आमंत्रितों से समारोह में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

# मछुआ सहकारी समिति पंछा का निर्वाचन कार्यक्रम तय

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी एमबी ओझा ने मछुआ सहकारी संस्था पंछा जिला रीवा के संचालक मण्डल के निर्वाचन का कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। इसके लिए सहकारी निरीक्षक नीलेश पाण्डेय को रिटर्निंग आफीसर बनाया गया है। संचालक मण्डल के सदस्यों के चुनाव के लिए प्रक्रिया 19 जुलाई से आरंभ होगी। इस दिन महिला पदों का निर्धारण करके संचालक मण्डल के बैठक की सूचना जारी की जाएगी। आमसभा की सूचना 22 जुलाई को जारी की जाएगी। सदस्यों के लिए नामांकन पत्र 29 जुलाई तक लिए जाएंगे। नामांकन पत्रों की जाँच करके वैध सदस्यों की सूची 29 जुलाई को प्रकाशित की जाएगी। नामांकन पत्रों की वापसी के बाद चुनाव लड़ने वाले अंतिम उम्मीदवारों की सूची 31 जुलाई को जारी की जाएगी। इसी दिन उम्मीदवारों को चुनाव प्रतीक आवंटित किए जाएंगे। मछुआ सहकारी समिति की विशेष साधारण सभा में 5 अगस्त को मतदान होगा। मतदान समाप्त होने के बाद ही मतगणना की जाएगी। समिति के शेष रिक्त पदों पर सहयोजन की कार्यवाही 7 अगस्त को की जाएगी। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के चुनाव की सूचना 7 अगस्त को जारी की जाएगी। इनका निर्वाचन 8 अगस्त को किया जाएगा।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान में शिक्षण संस्थाओं में हुआ वृक्षारोपण

**रीवा।** जिले भर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान में लगातार वृक्षारोपण किया जा रहा है। इस क्रम में रीवा शहर में विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में पौधे रोपित किए गए। पेंटियम प्वाइंट टेक्निकल कालेज करहिया परिसर में कालेज के संचालक बीएम त्रिपाठी, प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों ने पौधे रोपित किए। कालेज परिसर में फलदार तथा छायादार वृक्षों के पौधे रोपित किए गए। कालेज के हर्दी कैम्पस में भी विद्यार्थियों ने पौधे रोपित किए। बिलाबांग स्कूल चोरहटा में प्राचार्य, शिक्षकों तथा विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में पौधे रोपित किए। छोटे-छोटे बच्चों ने भी अपने नन्हें हाथों से पौधे



रोपित करके पर्यावरण संरक्षण के महायज्ञ में सहयोग किया। इसी तरह जेएनसीटी कालेज में संस्था के चेयरमैन डॉ एसएस तिवारी एवं वनस्थली स्कूल के संचालक मनोज तिवारी तथा जेएनसीटी कालेज के प्राचार्य मिहिर पाण्डेय ने पौधे रोपित किए। वृक्षारोपण के महाअभियान में दोनों संस्थानों के विद्यार्थियों ने सौ से अधिक रोपित किए।

## जिले में अब तक 94.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रीवा।** जिले में 12 जुलाई को 9.5 मिलीमीटर दैनिक वर्षा दर्ज की गई। जिले में एक जून से अब तक 94.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। यह वर्षा गत वर्ष की तुलना में 44.8 मिलीमीटर कम है। किसानों को धान की बोनी के लिए अभी भी अच्छी वर्षा का इंतजार है। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि इस अवधि में तहसील हुजूर में 148.1 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 38 मिलीमीटर, गुढ़ में 114.4 मिलीमीटर, सिरमौर में 141.6 मिलीमीटर, त्योंथर में 48 मिलीमीटर, सेमरिया में 117 मिलीमीटर, मनगवां में 71 मिलीमीटर तथा जवा तहसील में 81 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 138.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

## एक पेड़ माँ के नाम, प्रधान डाकघर रीवा परिसर में रोपे गए 101 पौधे

**रीवा।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत प्रधान डाकघर रीवा में रीवा डाक संभाग के अधीक्षक श्री एस.के. रौठौर के नेतृत्व में एक सौ एक पेड़ लगाएं गये। इस अवसर पर अधीक्षक



डाकघर श्री राठौर ने बताया कि हर व्यक्ति को पौधा रोपण करना चाहिए, साथ ही रोपे गए पौधे की सुरक्षा का भी दायित्व निर्वहन करना उसका मुख्य दायित्व है। पौधारोपण से अधिक उसकी सुरक्षा करना उससे भी अधिक पुण्य का कार्य है। इसलिए हमें पौधा लगाते समय विशेष ध्यान रखना चाहिए। हम उसकी सुरक्षा कर सकें।

श्री राठौर ने कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाएं रखने के लिए तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग व क्लाईमेंट चेंज जैसी समस्या से निदान का एक मात्र उपाय ही पौधारोपण है। श्री राठौर विभाग के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों से अपील की है, कि वे अपने घर पर पौधे अवश्य लगाएं। इस अवसर पर इंस्पेक्टर पोस्ट श्री विकास निषाद, समीर खान, मोहित त्रिपाठी आदि उपस्थित रहें।

## नगर निगम द्वारा सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के अंतर्गत किया गया जन जागरुकता

**रीवा।** निगमायुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार नगर निगम की आईईसी टीम द्वारा शहर के सभी वार्डो में जन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान के अंतर्गत आईईसी टीम द्वारा नागरिकों को बताया गया कि अपने आस पास सफाई रखें। जिससे होने वाली बीमारियों को रोका जा सके। नागरिकों को समझाइश दी गई कि जो आप के घरों से कचरा निकलता है, उसको बाहर न फेंके हम जितना अपने शहर को साफ और स्वच्छ रखेंगे उतना ही बीमारियो को दूर भगाएंगे। नगर निगम द्वारा सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान के अंतर्गत 24 घंटे 7 दिवस हेल्पलाइन नम्बर 07662-254568 जारी किया गया है। जिसमे नागरिकों द्वारा सफाई से संबंधित किसी भी शिकायत को तुरन्त द? कर निराकरण किया जा सके। इस अभियान के तहत बारिश के मौसम में पनपने वाली डायरिया एवं संक्रामक बीमारियो से बचने हेतु झुग्गी बस्तियों में विशेष अभियान चलाया गया। उक्त गतिविधि में आईईसी टीम, नागरिकगण उपस्थित रहे।

## संभाग में उपलब्ध है 15210 टन यूरिया तथा 10706 टन डीएपी

**रीवा।** आगामी खरीफ फसल के लिए सहकारी समितियों तथा निजी विक्रेताओं के माध्यम से किसानों को खाद की आपूर्ति की जा रही है। सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। इस संबंध में संयुक्त संचालक कृषि एसके नेताम ने बताया कि संभाग में वर्तमान में 15210.17 टन यूरिया तथा 10706.45 टन डीएपी उपलब्ध है। अब तक किसानों को 8537.54 टन यूरिया तथा 6949.12 टन डीएपी का वितरण किया जा चुका है। किसानों ने गत माह पर्याप्त मात्रा में खाद का अग्रिम उठाव किया। संभाग में खाद की नियमित आपूर्ति की जा रही है। आगामी एक माह तक जिले को नियमित रूप से खाद के रैक प्राप्त होंगे।

### शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय के समाज कार्य विभाग द्वारा

## फील्ड वर्क का व्यापक दृष्टिकोण, संभावनाएँ और चुनौतियाँ विषय पर आयोजित हुई कार्यशाला

**रीवा।** टीआरएस कॉलेज के समाज कार्य विभाग द्वारा फील्ड वर्क के स्कोप शीर्षक पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी के द्वारा की गई। कार्यशाला की मुख्य वक्ता डॉ किरण सिंह अध्यक्ष समाजशास्त्र विभाग शासकीय कन्या पीजी महाविद्यालय सतना थी। कार्यशाला का संयोजन समाज कार्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश शुक्ल के द्वारा किया गया। कार्यशाला में समाज कार्य के चतुर्थ सेमेस्टर विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रही प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज कार्य के पाठ्यक्रम में फील्ड वर्क की अपनी महत्वपूर्ण उपयोगिता है। फील्ड वर्क आपको एक योजना बनाने में सहायता प्रदान करता है। मुख्य वक्ता डॉ किरण सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि फील्ड वर्क का मूल उद्देश्य जमीनी स्तर पर जाकर वास्तविक जानकारी इकट्ठा करना है। यह हमें हमारे अध्ययन के विषय को गहराई से समझने का अवसर प्रदान करता है। किसी भी शोध के लिए डेटा की प्रामाणिकता और सटीकता अत्यंत आवश्यक है, और फील्ड वर्क इस दिशा में एक महत्वपूर्ण साधन है। कार्यशाला में फील्ड वर्क का महत्व, समाज कार्य के विभिन्न क्षेत्रों में स्कोप, समाज कार्य अनुसंधान में तकनीकी उपकरणों का उपयोग,चुनौतियाँ और समाधान आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला के अंत में संयोजक प्रोफेसर अखिलेश शुक्ल ने कार्यशाला के निष्कर्ष को प्रस्तुत करते हुए बताया कि फील्ड वर्क का व्यापक स्कोप है और इसे अनुसंधान एवं विकास के विभिन्न क्षेत्रों में अनिवार्य रूप से शामिल किया जाना चाहिए।

## महर्षि बाल्मीक प्रोत्साहन राशि के तहत 25 हजार रूपये स्वीकृत

**रीवा।** अनुसूचित जाति के प्रतिभावान बालक /बालिकाओं को जेईई, नीट एवं फ्लैट पात्रता परीक्षाओं के माध्यम से प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश लेने पर महर्षि बाल्मीक प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। जीतेन्द्र कुमार साकेत निवासी दुआरी तहसील गुढ़ को नीट के माध्यम से बुन्देलखण्ड मेडिकल कालेज सागर में प्रवेश प्राप्त करने पर पच्चीस हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की गई है।

### नर्सिंग घोटाले में फंसे नायब तहसीलदार यतीश शुक्ला का नया कारनामा

# पूर्व डिप्टी कमिश्नर के फर्जी हस्ताक्षर की नहीं कराई जांच, सीमांकन के जारी कर दिए आदेश

**रीवा।** प्रदेश के चर्चित नर्सिंग घोटाले में फंसे रीवा के नायब तहसीलदार अपने कारनामों को लेकर आए दिन चर्चा में बने ही रहते हैं। एक बार फिर यतीश शुक्ला पर भूमाफियाओं को संरक्षण देने का आरोप है। इतना ही नहीं उनके साथ साठगांठ कर विवादित भूमियों के सीमांकन नायब तहसीलदार द्वारा उनका सीमांकन कराकर खरीदी-विक्री भी कराए जाने का आरोप है। हालांकि वरिष्ठ अधिकारी उन पर अब लगाम लगाने गंभीरता जता रहे हैं। ऐसें ही एक मामले में नायब तहसीलदार यतीश शुक्ला को एसडीएम आईएएस वैशाली जैन ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।मामला पूर्व डिप्टी कमिश्नर राजस्व नवीन तिवारी से जुड़ा हुआ है। सीमांकन के लिए किए गए आवेदन में उनका हस्ताक्षर फर्जी बताया जा रहा है। इस आरोप को जब सभी तथ्यों के साथ प्रस्तुत किया गयाा तो यतीश शुक्ला ने इस ओर ध्यान नहीं दिया और सीमांकन के आदेश जारी कर दिए। जिसके बाद एसडीएम ने नोटिस जारी कर नायब तहसीलदार से तथ्यात्मक प्रतिवेदन मांगा है।

बताया गया कि वार्ड क्रमांक 26 लालन टोला बदराव में विवादित भूमि है, जिसका प्रकरण जिला न्यायालय में चल रहा है। भूमि स्वामी महेन्द्र तिवारी ने बताया कि उनकी जमीन में उनके सभी चाचा जिसमें पूर्व डिप्टी कमिश्नर राजस्व नवीन तिवारी, कमलकिशोर तिवारी सहित अन्य ने अपना नाम चढ़वा लिया था। अधिनस्थ न्यायालय से सभी खसरा नंबरों पर 1/6 का हिस्सा दे दिया गया है। जिसकी अपील उनके द्वारा जिला न्यायालय में की गई है जो प्रकरण विचाराधीन है। जब न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन था तभी इस विवादित भूमि का बंटवारा कर सबके नाम तत्कालीन तहसीलदार द्वारा खसरा नंबर बटांकित कर चढ़ा दिया गया। इनमें से मीना तिवारी सहित नवीन तिवारी, कमलकिशोर तिवारी, दुर्गा प्रसाद तिवारी द्वारा सीमांकन का आवेदन दिया गया है।

जबकि जिन बटांकित नंबरों पर वह सीमांकन कराना चाहते हैं उनमें महेन्द्र तिवारी सहित अन्य भाईयों का भी हिस्सा लेकिन इसके बावजूद भी नायब तहसीलदार यतीश शुक्ला इस भूमि का सीमांकन कराने का आदेश जारी कर चुके है। जबकि आपत्ति जाहिर की गई लेकिन उसका कोई निराकरण नहीं किया गया। इसी सीमांकन के लिए दिए गए आवेदन में पूर्व डिप्टी कमिश्नर नवीन तिवारी एवं मीना तिवारी के फर्जी हस्ताक्षर हैं। इस बात की जानकारी नायब तहसीलदार को दी गई थी लेकिन उन्होंने कोई कार्यवाही नहीं की, जिसको लेकर कलेक्टर व एसडीएम को शिकायत की गई थी। मामले को संज्ञान लेकर एसडीएम ने नायब तहसीलदार को नोटिस जारी किया है। वहीं कलेक्टर प्रतिभा पाल ने निराकरण न होने तक सीमांकन के लिए रोक लगा दी है।

## सतना में पत्नी-दो बेटों की हत्या के बाद युवक ने किया सुसाइड, प्रेमी हिरासत में

**सतना।** एमपी के सतना के नजीराबाद में बेवफा पत्नी और दो बेटों की हत्या के बाद युवक ने भी सुसाइड कर लिया। तफ्तीश में लगी पुलिस की परेशानी पानी के एक कुएं ने बढ़ा रखी है। वारदात में इस्तेमाल किए गए हथियार की तलाश अब तक पूरी नहीं हो पाई है। वहीं, महिला के प्रेमी को हिरासत में ले लिया गया है। हत्याकांड में इस्तेमाल धारदार हथियार को तलाशने कुएं से पानी बाहर निकाला जा रहा है, लेकिन उतना पानी फिर कुएं में भर गया।

पुलिस ने बताया कि नजीराबाद में हुए तिहरे हत्याकांड को अंजाम देने के लिए इस्तेमाल किया गया धारदार हथियार अभी तक पुलिस के हाथ नहीं लग सका है। फुटेज के आधार पर पुलिस घटना स्थल के पास स्थित एक कुएं में हथियार की तलाश कर रही है लेकिन कुएं का पानी परेशानी का सबब बना हुआ है। सिटी कोतवाली पुलिस ने कुएं का पानी खाली करने के लिए पंप लगवाए जिनके जरिए पानी भी बाहर निकाल फेंका गया। लेकिन जितना पानी निकाला गया उतना पानी फिर कुएं में भर गया।

बड़ी मोटर लगवा कर भी पानी फिंकवाया गया लेकिन कुएं में पानी लगातार भरता जा रहा है। ऐसे में हथियार की बरामदगी में मुश्किल आ रही है। फिर भी कोशिश जारी है। विशेषज्ञों की भी सलाह ली जा रही है।

# 3167 प्राथमिक शिक्षकों को मिली प्रथम एवं द्वितीय क्रमोन्नति, 10 शिक्षकों को उप मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से सौपा आदेश

**रीवा।** गदराई आंखों से कमोत्रति आदेश की प्रतीक्षा कर रहे प्राथमिक शिक्षको को मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने आज अपने कर कमल से तोहफा देकर गौरवान्वित कर दिया। इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा लाल द्वारा गठित टीम को भी धन्यवाद एवं शाल देकर सम्मानित किया गया।

पूर्व नियोजित कार्यक्रम अनुसार उत्कृष्ट विद्यालय मार्तंड क्रमांक 1 के मुख्य द्वार का मुख्य अतिथि राजेंद्र शुक्ल द्वारा पहले लोकार्पण किया गया ढोल बाजे एवं एनसीसी कैडेट्स के मार्च पास्ट करते हुए जयकारा लगाते हुए मार्तंड क्रमांक के सभागार में उप मुख्यमंत्री ने प्रवेश किया। मुख्य द्वार पर उत्कृष्ट विद्यालय



की शिक्षिका छाया मिश्रा ने टीका लगाकर उनका स्वागत किया। मनचासन ग्रहण करने के बाद मां सरस्वती की प्रतिभा पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प हार अर्पित करने के बाद उत्कृष्ट विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं उत्कृष्ट विद्यालय के संगीत शिक्षक प्रफुल्ल तिवारी द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। जेडी संतोष त्रिपाठी एवं जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा लाल गुप्ता ने मुख्य अतिथि एवं उपस्थित जनों का माल्यार्पण से स्वागत किया। अध्यापक व्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी चंद्रोदय मिश्रा, राघवेंद्र सोहगौरा, अनिल शुक्ला राजेश सिंह, संजय द्विवेदी, विनोद पटेल, शिवेश श्रीवास्तव, लोली तिवारी ने गजमाला से मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष चंद्रोदय मिश्रा द्वारा किया गया तथा क्रमोन्नति के संबंध की जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता ने दी। इसके बाद संयुक्त मोर्चा के चंद्रोदय मिश्रा एवं संजय द्विवेदी ने मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल को शाल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किया। मोर्चा के अन्य सदस्यों ने नगर पालिक निगम के अध्यक्ष वेंकटेश पांडेय, जिला पंचायत रीवा के अध्यक्ष नीता कोल एवं अन्य सदस्यों को प्रतीक चिन्ह देकर अभिनंदन स् किया। उप मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में लंबे समय से क्रमोन्नति की राह जोह रहे प्राथमिक शिक्षकों को बधाई दी तथा माध्यमिक शिक्षकों के आदेश तीन दिवस के भीतर कराए जाने के मंच से ही भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट विद्यालय का हाल खचाखच भरा हुआ था प्रोजेक्टर से बाहर देखने वालों की संख्या 500 से भी ज्यादा थी। उप मुख्यमंत्री ने 12 एवं 24 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले पांच-पांच प्राथमिक शिक्षकों को अपने हाथों से क्रमोन्नति प्राप्त की जिसमें मुख्य रूप से चंद्रोदय मिश्रा संजय द्विवेदी, विनोद पटेल, गिरीश तिवारी, अर्चना सिंह, जया चतुर्वेदी, श्रीमती प्रदीप पांडेय, सुशीला मिश्रा शामिल रहे। शेष प्राथमिक शिक्षकों को वन क्लिक के माध्यम से उनके पर्सनल व्हाट्सएप पर आदेश तत्काल मौके पर ही भेजे गए।



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

"नई शिक्षा नीति से युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा तय हो रही है। मध्यप्रदेश के युवा गुणवत्तापूर्ण एवं आज के उभरते क्षेत्रों में कौशलवान बनाने वाली शिक्षा से अपना बेहतर कल गढ़ सकें, इसके लिए हम हर संभव प्रयास कर रहे हैं।"

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

"एक पेड़ माँ के नाम अभियान"
साढ़े 5 करोड़ पौधरोपण के लक्ष्य की ओर
बढ़ता मध्यप्रदेश

## 11 लाख पौधरोपण कार्यक्रम

अपराह्न 12:30 बजे

रेवती रेंज, बीएसएफ परिसर, इंदौर

आत्मनिर्भर भविष्य की ओर
मूल्य-आधारित शिक्षा की पहल

## समस्त 55 जिलों में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ

अपराह्न 2:00 बजे

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं
वाणिज्य महाविद्यालय, इंदौर

मुख्य अतिथि
**अमित शाह**
गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार

अध्यक्षता
**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**14 जुलाई, 2024 । इंदौर, मध्यप्रदेश**

### हर जिले में एक शासकीय महाविद्यालय का प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में उन्नयन

- अधोसंरचना विकास के लिए ₹ 336 करोड़ एवं 2232 शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक पदों के लिए ₹ 150 करोड़ वार्षिक स्वीकृत।
- शैक्षणिक गुणवत्ता के उच्च मानकों के लिए शैक्षणिक अमले का मेरिट आधार पर पदांकन एवं प्रशिक्षण।
- स्किल पाठ्यक्रमों के लिए शिक्षकों का सेक्टर स्किल काउंसिल द्वारा प्रशिक्षण।
- समस्त कॉलेज होंगे बहुसंकायी।
- समस्त स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर बायोटेक्नोलॉजी, कम्प्यूटर साइंस एवं संस्कृत विषय होंगे उपलब्ध।
- 07 महाविद्यालय बने यू.जी. से पी.जी.।
- 55 प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में 08 एप्रेन्टिसशिप एम्बेडेड स्किल आधारित स्नातक पाठ्यक्रमों का संचालन।
- 40% रियायती दर पर पुस्तकों के लिए मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी के काउन्टर होंगे स्थापित।
- आई.आई.टी. दिल्ली के सहयोग से Artificial Intelligence एवं Fintech with AI, के सर्टिफिकेट कोर्स संचालित होंगे।
- एविएशन सेक्टर स्किल काउंसिल के सहयोग से- एयरपोर्ट वेयरहाउस को-ऑर्डिनेटर, एयरपोर्ट सेफ्टी क्रू, एयरलाइन केबिन क्रू, फ्लाइट डिस्पेचर, एयरलाइन कस्टमर सर्विस एक्जीक्यूटिव, एयरलाइन रिजर्वेशन एजेंट, एयरलाइन फ्लाईट लोड एवं को-ऑर्डिनेटर विषय में सर्टिफिकेट कोर्स।
- प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में विद्यार्थियों के लिए बस सुविधा होगी उपलब्ध।
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मूल भावना के अनुरूप महाविद्यालयों में "भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ" की स्थापना।
- पर्यावरण संरक्षण एवं ग्रीन कैम्पस हेतु "विद्यावन" का चिन्हांकन कर नीम, पीपल, करेज, मौलश्री, गूलर, इमली, महुआ इत्यादि वृक्षों को प्राथमिकता दी जाएगी।

D-11032/24

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents | @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP | JansamparkMP

**मध्यप्रदेश शासन**

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833